मौसम

| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 36 |
| आर्द्रता | 72% |
| सूर्योदय: 4:55 | सूर्यास्त: 18:11 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा
कोलकाता, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष षष्ठी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : हर दिन एक नया अवसर होता है, इसे सकारात्मक सोच और उर्जा के साथ गले लगायें।


कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने आईएसआई के निमंत्रण पर पाकिस्तान का दौरा किया था: हिमंत –पृष्ठ 7

# लश्कर का टॉप कमांडर सैफुल्लाह पाकिस्तान में ढेर

## आरएसएस मुख्यालय पर हमले का था मुख्य साजिशकर्ता

### कई आतंकियों को मार चुके हैं अज्ञात बंदूकधारी

**इस्लामाबाद :** आतंकियों को पालने वाले पाकिस्तान में ही एक के बाद एक आतंकियों की हत्या की जा रही है। अब लश्कर-ए-तैयबा के एक और टॉप कमांडर की पाकिस्तान में अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी है। लश्कर-ए-तैयबा और जमात नेता रजुल्लाह निजामनी उर्फ अबू सैफुल्लाह को पाकिस्तान के सिंध प्रांत में मतली फालकारा चौक इलाके में मार दिया गया। कहा जा रहा है कि यहां अज्ञात हमलावरों ने दिन दहाड़े लश्कर के कमांडर को गोलियों से छलनी कर दिया।



अधिकारियों ने बताया कि रजाउल्ला को पाकिस्तान सरकार ने सुरक्षा भी मुहैया कराई हुई थी। वह रविवार दोपहर को सिंध के मतली स्थित अपने घर से कहीं जाने के लिए बाहर निकला था। एक क्रॉसिंग के पास अज्ञात बंदूकधारियों ने रजाउल्ला की गोली मारकर हत्या कर दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सैफुल्ला को गोली लगने के बाद अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इन रिपोर्ट में इसे आपसी रंजिश का मामला भी बताया गया है। लश्कर आतंकी अबू अनस का करीबी सैफुल्ला आरएसएस मुख्यालय पर हमले का मास्टरमाइंड था। आरएसएस मुख्यालय पर हमला करने वाले तीनों आतंकवादी मार गिराए गए थे। आरएसएस मुख्यालय पर हमले की साजिश रचने के अलावा सैफुल्ला 2005 में बंगलूरू में भारतीय विज्ञान संस्थान पर हुए आतंकी हमले में भी शामिल था। इस हमले में आईआईटी के प्रोफेसर मुनीश चंद्र पुरी मारे गए थे और चार अन्य घायल हो गए थे। आतंकी हमले के बाद घटनास्थल से भाग निकले थे। बाद में पुलिस ने मामले की जांच की और अबू अनस के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। अनस अभी फरार है। सैफुल्ला 2008 में उत्तर प्रदेश के रामपुर में सीआरपीएफ कैंप पर हुए हमले का भी मास्टरमाइंड था। इस हमले में सात जवान और एक नागरिक मारे गए थे। दोनों आतंकवादी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले थे।

### लांचिंग कमांडरों चीमा और याकूब के साथ कर रहा था काम

सैफुल्ला लश्कर के तथाकथित 'लांचिंग कमांडरों' आजम चीमा उर्फ बाबाजी और याकूब (लश्कर का मुख्य लेखाकार) के साथ मिलकर काम कर रहा था। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों द्वारा मॉड्यूल का पर्दाफाश किए जाने के बाद सैफुल्ला नेपाल से भागकर पाकिस्तान चला गया। बाद में उसने लश्कर और जमात के कई कमांडरों के साथ मिलकर काम किया। इनमें जम्मू-कश्मीर में लश्कर कमांडर यूसुफ मुजम्मिल, मुजम्मिल इकबाल हाशमी और मुहम्मद यूसुफ तैबी शामिल हैं।

### नए आतंकियों की भर्ती और पैसा जुटाने का काम सौंपा गया था

सैफुल्ला को पाकिस्तान में लश्कर और जमात के सरगनाओं ने सिंध के बादिन और हैदराबाद जिलों से नए आतंकियों की भर्ती करने और संगठन के लिए धन इकट्ठा करने का काम सौंपा गया था।

# हैदराबाद में इमारत में आग लगने से 17 लोगों की मौत

### प्रधानमंत्री मोदी ने दुख जताया



**हैदराबाद :** हैदराबाद में ऐतिहासिक चारमीनार के पास स्थित गुलजार हाउस की एक इमारत में रविवार सुबह भीषण आग लगने से आठ बच्चों समेत 17 लोगों की मौत हो गई। हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोग सगे संबंधी थे। पुलिस ने बताया कि आग संभवत: शॉट सर्किट के कारण लगी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''अस्पताल ले जाए गए सभी 17 लोगों को मृत घोषित कर दिया गया।'' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हैदराबाद में आग लगने की घटना में जानमाल की हानि पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये दिये जाने की घोषणा की। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि इस इमारत से बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता एक संकरी सीढ़ी थी, लेकिन लोग उस रास्ते से तेजी से बाहर नहीं निकल सके। पुलिस ने बताया कि इमारत के भूतल पर आभूषण की दुकानें थीं और ऊपरी मंजिल पर एक फ्लैट में लोग रह रहे थे। पुलिस ने बताया कि धुआं फैलने से लोगों का दम घुटने लगा। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने संवाददाताओं को बताया कि यह परिवार वहां 125 वर्षों से रह रहा है, जिससे यह संकेत मिलता है कि वे पीढ़ियों से वहां रह रहे थे। कहा जाता है कि पीड़ित परिवार शहर की सबसे पुरानी आभूषण दुकानों में से एक का संचालन कर रहा था। ओवैसी ने कहा, ''अब परिवार के केवल दो सदस्य बचे हैं। मैं अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। मुझे अग्निशमन सेवा महानिदेशक ने बताया कि ज्यादातर मौतें दम घुटने और धुएं के कारण हुईं... रिपोर्ट आने दीजिए, यह बहुत दर्दनाक है।'' हैदराबाद के पुलिस आयुक्त सी वी आनंद ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि गुलजार हाउस और आसपास के इलाकों की अधिकतर इमारतें 100 से 200 साल पुरानी हैं। तेलंगाना राज्य आपदा प्रतिक्रिया और अग्निशमन सेवा के महानिदेशक वाई नागी रेड्डी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि आग सुबह छह से सवा छह बजे के बीच देखी गई। रेड्डी ने बताया कि सुबह छह बजकर 16 मिनट पर अग्निशमन विभाग को सूचना मिली और दमकल गाड़ी जल्द ही वहां पहुंच गई। उन्होंने बताया कि भूतल पर दुकानें थीं, जबकि इमारत के प्रथम और द्वितीय तल पर आवासीय परिसर था। रेड्डी ने कहा, प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉपिंग क्षेत्र में बिजली की मुख्य आपूर्ति में शॉर्ट सर्किट होना प्रतीत होता है।'' उन्होंने कहा कि आग लगने के समय इमारत में कुल 21 लोग थे, जिनमें से अग्निशमन विभाग द्वारा 17 को अचेत अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि इमारत से बाहर निकलने का सिर्फ एक ही रास्ता था जो एक सीढ़ी थी और ये काफी संकरी थी, इसी कारण वहां मौजूद लोग सुरक्षित बाहर नहीं निकल पाए।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## पूरा नहीं हो सका पीएसएलवी-सी61 मिशन: इसरो प्रमुख

**श्रीहरिकोटा :** ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी)-सी61 रॉकेट के जरिए पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को अंतरिक्ष में स्थापित करने का भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का 101वां मिशन यान के तीसरे चरण में दबाव संबंधी समस्या के कारण पूरा नहीं किया जा सका। अंतरिक्ष एजेंसी ने यह जानकारी दी। पीएसएलवी ने पूर्व निर्धारित समय सुबह पांच बजकर 59 मिनट पर उड़ान भरी लेकिन मिशन के उद्देश्य पूरे नहीं हो सके। नारायणन ने कहा, ''आज हमारा श्रीहरिकोटा से 'पीएसएलवीसी61 ईओएस-09 मिशन' के तहत 101वें प्रक्षेपण का लक्ष्य था। पीएसएलवी चार चरण वाला यान है और दूसरे चरण तक इसका प्रदर्शन सामान्य था। तीसरे चरण में मोटर सही से चालू हो गई थी लेकिन इस चरण के संचालन के दौरान मिशन पूरा नहीं हो सका...। तीसरा चरण एक ठोस मोटर प्रणाली है। नारायणन ने कहा, ''...मोटर केस के चैम्बर दबाव में गिरावट आई और मिशन पूरा नहीं हो सका। हम पूरे प्रदर्शन की समीक्षा कर रहे है तथा जल्द ही और जानकारी देंगे। उड़ान भरने के बाद चार चरणों वाले रॉकेट से दूसरे चरण में अलग होने तक मिशन नियंत्रण केंद्र में यह घोषणा की गई कि देश के विभिन्न भागों में स्थित इसरो के अन्य केंद्रों द्वारा उन पर नजर रखी जा रही है। इसरो द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, पीएस1 (प्रथम चरण) का पृथक्करण प्रक्षेपण के बाद 111.64 सेकंड में निर्धारित किया गया था, लेकिन यह 110 सेकंड में ही पूरा हो गया। इसके अलावा रॉकेट के दूसरे चरण का 'इग्निशन' 111.84 सेकंड पर प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन यह प्रक्रिया 110.2 सेकंड में पूरी हो गई जिससे मामूली अंतर रह गया। इसी प्रकार, पीएस2 (द्वितीय चरण) पृथक्करण का लक्ष्य 264.34 सेकंड में निर्धारित था, लेकिन यह 261.8 सेकंड में हुआ। चीजें अपेक्षित रूप से आगे बढ़ रही थीं जो मिशन की प्रगति के बारे में वैज्ञानिकों द्वारा की जा रही नियमित घोषणाओं से पता चल रहा था लेकिन तीसरे चरण पर पहुंचने के बाद एक गड़बड़ी सामने आई। इसरो के एक सेवानिवृत्त अधिकारी से पूछा गया कि इस तरह की समस्या के बाद रॉकेट का क्या होता है, तो उन्होंने कहा कि यह समुद्र में गिर गया होगा।



### भारत-पाकिस्तान के बीच बनी सहमति जारी रहेगी: सैन्य अधिकारी

**श्रीनगर :** भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाइयां रोकने को लेकर 12 मई को बनी सहमति जारी रहेगी। सेना के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने इन कयासों को खारिज कर दिया कि यह सहमति अस्थायी है और इसकी अवधि आज समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा, जहां तक डीजीएमओ (सैन्य संचालन महानिदेशक) की बातचीत के दौरान सैन्य कार्रवाइयां रोकने को लेकर बनी सहमति जारी रखने का सवाल है, तो इसकी कोई समापन तिथि नहीं है। अधिकारी ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ के बीच कोई वार्ता रविवार को निर्धारित नहीं है।

### भाजपा लगातार जीत रही है क्योंकि विपक्ष नाकाम है: ओवैसी

**हैदराबाद :** हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लगातार चुनावी जीत को विपक्ष की विफलता और हिंदू मतदाताओं के एकजुट होने का परिणाम बताया है। उन्होंने यह भी कहा कि उन पर मोदी विरोधी मतदाताओं के बीच सेंध लगाने का आरोप लगाना गलत है। ओवैसी ने शनिवार को 'पीटीआई वीडियो' को दिए साक्षात्कार में कहा, ''मुझ पर आरोप कैसे लगाया जा सकता है, बताइए?'' उन्होंने कहा, ''यदि मैं 2024 के लोकसभा चुनाव में हैदराबाद, औरंगाबाद, किशनगंज और कुछ अन्य सीटों पर चुनाव लड़ता हूं और भाजपा को 240 सीट मिलती हैं तो क्या मैं जिम्मेदार हूं?'' ओवैसी ने कहा, ''भाजपा सत्ता में आ रही है, क्योंकि विपक्ष नाकाम है। भाजपा चुनाव जीत रही है, क्योंकि इसने लगभग 50 प्रतिशत हिंदू मतों को अपने पक्ष में कर लिया है।''

### अदाणी ने पनडुब्बी रोधी युद्ध समाधान विकसित करने के लिए स्पार्टन के साथ साझेदारी की

**नयी दिल्ली :** अरबपति गौतम अदाणी के समूह ने अमेरिका की समुद्र के अंदर के युद्ध उपकरण बनाने वाली कंपनी स्पार्टन के साथ इलेक्ट्रॉनिक सेंसर और नेविगेशन सिस्टम विकसित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इनका इस्तेमाल पनडुब्बी रोधी युद्ध के लिए किया जा सकता है। अदाणी समूह ने रविवार को कहा कि अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने एक बयान में कहा कि उसने भारतीय नौसेना के लिए पनडुब्बी रोधी युद्ध (एएसडब्ल्यू) समाधान जुटाने के लिए स्पार्टन (डीलियोन स्प्रिंग्स एलएलसी) के साथ एक बाध्यकारी सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत भारत में सोनोबॉय और अन्य एएसडब्ल्यू प्रणालियों के संयोजन को स्थानीय बनाना है। यह भारतीय नौसेना को स्वदेशी सोनोबॉय समाधान प्रदान करने वाली भारत की पहली निजी कंपनी होगी।

## आईएमएफ ने पाकिस्तान पर 11 नई शर्तें लगाईं, राहत कार्यक्रम के प्रति जोखिम को लेकर चेताया

**इस्लामाबाद :** अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने अपने राहत कार्यक्रम की अगली किस्त जारी करने के लिए पाकिस्तान पर 11 नई शर्तें लगाई हैं। इसके साथ ही आईएमएफ ने पाकिस्तान को चेताया है कि भारत के साथ तनाव से योजना के राजकोषीय, बाह्य और सुधार लक्ष्यों के लिए जोखिम बढ़ सकते हैं। रविवार को मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई है। पाकिस्तान पर लगाई गई नई शर्तों में 17,600 अरब रुपये के नए बजट को संसद की मंजूरी, बिजली बिलों पर ऋण भुगतान अधिभार में वृद्धि और तीन साल से अधिक पुरानी कारों के आयात पर प्रतिबंध को हटाना शामिल है। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की रिपोर्ट में कहा गया है कि आईएमएफ द्वारा शनिवार को जारी कर्मचारी स्तर की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से इस कार्यक्रम के राजकोषीय, बाह्य और सुधार लक्ष्यों के लिए जोखिम बढ़ सकते हैं।'' रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पिछले दो सप्ताह में पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव काफी बढ़ गया है, लेकिन अबतक, बाजार की प्रतिक्रिया मामूली रही है और शेयर बाजार ने अपने हाल के अधिकांश लाभ को बरकरार रखा है। आईएमएफ की रिपोर्ट में अगले वित्त वर्ष के लिए रक्षा बजट 2,414 अरब रुपये रुपये दिखाया गया है, जो 252 अरब रुपये या 12 प्रतिशत अधिक है। आईएमएफ के अनुमान की तुलना में सरकार ने इस महीने की शुरुआत में भारत के साथ टकराव बढ़ने के बाद रक्षा क्षेत्र के लिए 2,500 अरब रुपये या 18 प्रतिशत अधिक आवंटित करने का संकेत दिया है।



## भारत का संविधान सर्वोच्च है, इसके सभी स्तंभों को साथ मिलकर काम करना चाहिए: प्रधान न्यायाधीश गवई

**मुंबई :** प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई ने रविवार को इस बात पर जोर दिया कि न तो न्यायपालिका और न ही कार्यपालिका, बल्कि भारत का संविधान सर्वोच्च है और इसके स्तंभों को साथ मिलकर काम करना चाहिए। न्यायमूर्ति गवई ने संविधान की सर्वोच्चता को रेखांकित करते हुए कहा कि भले ही संसद के पास संविधान में संशोधन करने का अधिकार है, लेकिन वह संविधान के मूल ढांचे को नहीं छू सकती। उन्होंने ''बुलडोजर न्याय'' का जिक्र करते हुए कहा कि आश्रय का अधिकार भी सर्वोच्च है। इस सप्ताह की शुरुआत में 52वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने वाले न्यायमूर्ति गवई ने यहां बार काउंसिल महाराष्ट्र एवं गोवा द्वारा आयोजित उनके अभिनंदन समारोह तथा राज्य वकीलों के सम्मेलन को संबोधित किया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि उन्हें खुशी है कि देश न सिर्फ मजबूत हुआ है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक मोर्चों पर भी विकसित हुआ है और यह जारी है। उन्होंने कहा, न तो न्यायपालिका, न ही कार्यपालिका और न ही संसद सर्वोच्च है, बल्कि भारत का संविधान सर्वोच्च है और इन तीनों अंगों को संविधान के अनुसार काम करना है। प्रधान न्यायाधीश गवई ने कहा कि संसद के पास संविधान में संशोधन करने की शक्ति है, लेकिन वह इसके मूल ढांचे को नहीं छू सकती। संविधान का मूल ढांचा सिद्धांत के तहत आने वाले प्रावधानों को संसद द्वारा संविधान संशोधन के माध्यम से संशोधित या निरस्त नहीं किया जा सकता है, जिनमें संविधान की सर्वोच्चता, कानून का शासन और न्यायपालिका की स्वतंत्रता समेत अन्य शामिल हैं। न्यायमूर्ति गवई ने इस बात पर जोर दिया कि देश की बुनियादी संरचना मज़बूत है और संविधान के तीनों स्तंभ समान हैं। उन्होंने कहा, संविधान के सभी अंगों को एक-दूसरे के प्रति उचित सम्मान प्रदर्शित करना चाहिए।




# उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थेपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



**DR. SANTOSH KUMAR**
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रखता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए मैं 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
Chamber : Plot No 332, Laketown Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632
e-mail : santdr@gmail.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com


## स्टालिन का आठ राज्यों के मुख्यमंत्रियों से न्यायालय में राष्ट्रपति के संदर्भ का विरोध करने का आग्रह

**चेन्नई :** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने रविवार को पश्चिम बंगाल समेत 8 राज्यों के अपने समकक्षों से राष्ट्रपति और राज्यपाल के लिए विधेयकों पर निर्धारित समयसीमा को लेकर उच्चतम न्यायालय में भेजे गए राष्ट्रपति के संदर्भ का विरोध करने का अनुरोध किया और एक समन्वित कानूनी रणनीति की वकालत की। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक के अध्यक्ष स्टालिन ने कहा, यह सर्वविदित है कि शीर्ष अदालत के परामर्श क्षेत्राधिकार का उपयोग तब नहीं किया जा सकता है, जब संबंधित मुद्दे पर पहले से ही अदालत द्वारा निर्णय लिया जा चुका हो। उन्होंने आरोप लगाया, फिर भी, भाजपा सरकार ने संदर्भ मांगने के लिए जोर दिया है, जो उनके भयावह इरादे की ओर इशारा करता है। उन्होंने गैर-भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से शीर्ष अदालत के समक्ष राष्ट्रपति द्वारा मांगे गए इस संदर्भ का विरोध करने का अनुरोध किया। पश्चिम बंगाल के अलावा, स्टालिन ने कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, केरल, झारखंड, पंजाब और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है।

## भारत के वैश्विक पहुंच कार्यक्रम का मुकाबला करने के लिए पाकिस्तान भी विदेश में भेजेगा प्रतिनिधिमंडल

**इस्लामाबाद :** 'ऑपरेशन सिंदूर' की पृष्ठभूमि में भारत द्वारा आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश देने के लिए प्रमुख साझेदार देशों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का फैसला किए जाने के कुछ घंटों बाद ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी शनिवार को घोषणा की कि पाकिस्तान एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल को विश्व की प्रमुख राजधानियों में भेजेगा ताकि वह पाकिस्तान का पक्ष वैश्विक मंच पर रख सके। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, यह निर्णय प्रधानमंत्री शरीफ ने पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष एवं पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी से टेलीफोन पर बातचीत के बाद लिया। प्रधानमंत्री ने इस प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई बिलावल को सौंपी है। सरकार द्वारा संचालित 'रेडियो पाकिस्तान' की खबर के अनुसार, प्रधानमंत्री शहबाज ने भारतीय दुष्प्रचार को उजागर करने के लिए विश्व की प्रमुख राजधानियों में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का फैसला किया है। 'रेडियो पाकिस्तान' की खबर के मुताबिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बिलावल करेंगे। बिलावल ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, प्रधानमंत्री (शहबाज शरीफ) ने आज मुझसे संपर्क किया और पाकिस्तान का पक्ष अंतरराष्ट्रीय मंच पर रखने के लिए मुझसे प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने का अनुरोध किया।




## बंद हो मैला साफ करने की अमानवीय प्रथा

यह बेहद कष्टकारी व अमानवीय है कि 21वीं सदी में भी कुछ लोग हाथ से मैला साफ करने के व्यवसाय में लगे हैं। जहां सीवर में उतरते ही मौत उनका इंतजार कर रही होती है। लेकिन कोर्ट और सरकारों की सख्ती जमीन पर नजर नहीं आती। सरकार व स्थानीय निकाय यूं तो सीवर साफ करने के लिये कर्मचारी नहीं रखते, लेकिन ठेकेदारों के जरिये ये काम बदस्तूर जारी है। फलत: सीवर में उतरने से मरने वालों को न तो मुआवजा मिल पाता है और न ही किसी की जवाबदेही तय हो पाती है। यह दुखद ही कि छह मई को बठिंडा में एक ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई लिए उतरे तीन लोग फिर जिंदा नहीं लौट पाए। एक सप्ताह बाद, रोहतक के माजरा गांव में एक व्यक्ति और उसके दो बेटे एक -दूसरे को जहरीले मैनहोल से बचाने की कोशिश में एक के बाद एक मर गए। पंद्रह मई को फरीदाबाद में एक मकान मालिक ने नियुक्त सफाईकर्मी को बचाने के लिए सैप्टिक टैंक में छलांग लगा दी। दोनों की ही जहरीली गैस से दम घुटने से मौत हो गई। निश्चित रूप से ये अलग-अलग दुर्घटनाएं नहीं हैं बल्कि ये व्यवस्था की विद्रूपता के चलते हुई हत्याएं हैं। जिसके कारक तंत्र की उदासीनता, अवैधता और जातीय विवशता में निहित हैं। विडंबना ही है कि रोजगार के रूप में हाथ से सफाई के रोजगार पर प्रतिबंध, सफाईकर्मियों के पुनर्वास अधिनियम 2013 तथा खतरनाक सफाई पर प्रतिबंध लगाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद मौतों का सिलसिला थमा नहीं है। ऐसे मामलों में सुरक्षा प्रोटोकॉल की अनदेखी की जाती है। सुरक्षा उपकरण नदारद रहते हैं। अकसर इसकी जवाबदेही से बचा जाता है। बठिंडा में लोगों के विरोध के बाद एक निजी ठेकेदार के खिलाफ देर से प्राथमिकी दर्ज जरूर की गई, लेकिन फरीदाबाद और रोहतक में मामला दर्ज होने की कोई खबर नहीं है।

दरअसल, अक्सर सरकारी तंत्र ठेकेदारों को दोषी ठहराकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। आखिर इन ठेकेदारों को काम पर कौन रखता है। निस्संदेह, सरकारी तंत्र भी इस आपराधिक लापरवाही के लिए जिम्मेदार है। आखिर सफाईकर्मियों से जुड़े सुरक्षा मानकों की निगरानी की जवाबदेही तय क्यों नहीं होती? नगर पालिकाएं और राज्य एजेंसियां आउटसोर्सिंग की दुहाई देकर अपने कानूनी और नैतिक कर्तव्यों से बच नहीं सकती। दुर्भाग्य से इन हादसों का स्याह पक्ष जातीय विद्रूपता भी है। अधिकांश सफाई कर्मचारी समाज में हाशिये पर पड़े समुदायों से आते हैं। सफाई जैसा महत्वपूर्ण काम करने के बावजूद उन्हें हेय दृष्टि से देखा जाता है। सीवर सफाई के लिये मशीनें खरीदने के दावों के बावजूद हाथ से सफाई का क्रम नहीं टूटता। कई जगह मशीनों के खरीदने पर करोड़ों का परिव्यय दिखाया गया, लेकिन जमीनी हकीकत नहीं बदली। मशीनें तो धूल फांक रही हैं और इंसानों को नरक में धकेला जा रहा है। निर्विवाद रूप से हमारे समाज पर मैनुअल स्कैवेंजिंग एक काला धब्बा है। न्यायपालिका सख्ती से इसे रोकने को कहती है, सत्ताधीश आदेश की औपचारिकता पूरी करते हैं, लेकिन फिर भी सीवर की जहरीली गैस में लोगों के मरने का सिलसिला थमा नहीं है। किसी सफाईकर्मी के मरने पर कुछ समय तो हो-हल्ला होता है, मगर फिर मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। वक्त की दरकार है कि नगर निकायों को इन हादसों के लिये सीधे जवाबदेह बनाया जाए। सीवर की सफाई से जुड़ी मौत के लिये स्वत: कानूनी कार्रवाई, तत्काल मुआवजा और विभागीय कार्रवाई की जाए। मानवीय श्रम की जगह तकनीक के उपयोग से बहुमूल्य जीवन को बचाया जाना चाहिए। ये काम सिर्फ कागजों तक सीमित न रहे। बदलाव व्यवहार में भी नजर आए। हमारे कानून को ठीक से लागू न कर पाने से किसी की दर्दनाक मौत नहीं होनी चाहिए। सीवर कर्मियों की मौत पर रोते-बिलखते और असहाय परिवारों का अंतहीन दर्द अब खत्म होना ही चाहिए। दुर्भाग्य से परिवार के कमाने वाले व्यक्ति के मर जाने के बाद उसके परिवार व बच्चों की परवरिश की कोई व्यवस्था नहीं होती। उन्हें मुआवजा देने से भी ठेकेदार बच जाते हैं। ऐसे परिवारों के पुनर्वास को भी गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

# यूपी की राजनीति में गिरती भाषा और बढ़ती ट्रोलनीति



**अजय कुमार**

उत्तर प्रदेश की राजनीति में हाल के दिनों में जिस तरह की तीखी बयानबाजी और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाली बहसों ने तूल पकड़ा है, उसमें सबसे हालिया और विवादास्पद मामला समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल द्वारा उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी है। यह मामला न सिर्फ एक राजनीतिक टकराव का प्रतीक है, बल्कि यह दर्शाता है कि किस प्रकार डिजिटल युग में राजनीतिक दलों की ओर से किए गए पोस्ट सीधे सामाजिक सौहार्द, नैतिक मर्यादा और राजनीतिक विमर्श की गरिमा पर असर डाल सकते हैं। 16 मई को सपा मीडिया सेल के एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल से एक पोस्ट किया गया जिसमें बृजेश पाठक के डीएनए पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। इस पोस्ट में उपमुख्यमंत्री की तुलना सोनागाछी और जीबी रोड जैसे देश के रेड लाइट एरिया से जोड़ते हुए यह कहा गया कि उनका डीएनए इन क्षेत्रों में नियमित रूप से आने वाले लोगों से मिलाया जाना चाहिए, ताकि उनकी वास्तविक पहचान सामने आ सके। पोस्ट में जिस प्रकार के शब्दों और प्रतीकों का इस्तेमाल किया गया, वह न केवल अभद्र था, बल्कि महिलाओं और वंचित वर्गों के प्रति भी एक अपमानजनक दृष्टिकोण को उजागर करता है। यही कारण था कि इस पोस्ट को लेकर तीव्र राजनीतिक प्रतिक्रिया सामने आई और बृजेश पाठक ने स्वयं इसे अपनी दिवंगत माता-पिता का अपमान बताते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव से सार्वजनिक रूप से पूछा कि क्या यही उनकी पार्टी की भाषा है।

बृजेश पाठक ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि समाजवादी पार्टी के नेताओं ने जिस स्तर की मानसिकता का परिचय इस पोस्ट के माध्यम से दिया है, वह न केवल स्त्री विरोधी है बल्कि पतित सोच को भी दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति में विचारों का विरोध होता है, लेकिन किसी के चरित्र और पारिवारिक पृष्ठभूमि पर इस तरह के व्यक्तिगत हमले करना राजनीति को गटर में ले जाने जैसा है। उन्होंने अखिलेश यादव से यह स्पष्ट करने को कहा कि क्या यह उनकी पार्टी की अधिकृत नीति है या किसी असंतुलित व्यक्ति की निजी राय, जिसे पार्टी ने अनुमति दे दी। उन्होंने कहा कि समाजवाद के नाम पर सपा जिन बातों को बढ़ावा दे रही है, वह केवल गाली-गलौच, जातिगत विद्वेष और अनैतिक आचरण का पर्याय बन चुका है।

इस पूरे मामले ने भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं को भी सक्रिय कर दिया। लखनऊ महानगर भाजपा अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने हजरतगंज थाने में समाजवादी पार्टी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। एफआईआर में यह कहा गया कि यह पोस्ट न केवल जातीय विद्वेष फैलाने वाली है, बल्कि महिलाओं का घोर अपमान करती है और समाज में आपसी सद्भाव को बिगाड़ने का प्रयास करती है। इसके अलावा पार्टी कार्यकर्ताओं ने लखनऊ में विरोध प्रदर्शन करते हुए अखिलेश यादव का पुतला जलाया और समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि अगर इस प्रकार की अभद्रता के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की ओर से कोई सार्वजनिक माफी नहीं मांगी जाती, तो वे आंदोलन तेज करेंगे।

वहीं अखिलेश यादव ने इस पूरे प्रकरण पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि उन्होंने अपने सभी कार्यकर्ताओं से संयमित भाषा का प्रयोग करने को कहा है। लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी जोड़ा कि उपमुख्यमंत्री को भी अपनी भाषा और व्यवहार पर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति में यदि सत्ता पक्ष की ओर से निरंतर अनर्गल आरोप लगाए जाएंगे, तो विपक्षी कार्यकर्ताओं में भी प्रतिक्रिया की भावना उत्पन्न होगी। अखिलेश का यह बयान इस ओर इशारा करता है कि वे इस मामले में पूरी तरह सपा की सोशल मीडिया टीम के साथ खड़े हैं और उन्होंने यह भी संकेत दिया कि यदि भाजपा को ऐसी टिप्पणियों से आपत्ति है तो उन्हें भी अपने नेताओं के बयानों की जांच करनी चाहिए।

बृजेश पाठक ने इसके जवाब में अखिलेश यादव पर एक बार फिर से तीखा प्रहार किया और कहा कि समाजवादी पार्टी अब समाजवाद की प्रयोगशाला नहीं, बल्कि गाली-गलौच की प्रयोगशाला बन चुकी है। उन्होंने कहा कि जिस डॉ. राममनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण के सिद्धांतों को सपा अपनाने का दावा करती है, उनकी आत्मा इस तरह के कृत्यों से व्यथित होगी। पाठक ने यह भी कहा कि राजनीति में नैतिकता और शालीनता होनी चाहिए, लेकिन सपा नेतृत्व ने अब इसे पूरी तरह ताक पर रख दिया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यदि विपक्षी दलों को लगता है कि सत्ता पक्ष की नीतियों में कोई त्रुटि है, तो उन्हें तथ्यों के आधार पर बात करनी चाहिए, न कि व्यक्तिगत स्तर पर जाकर अनर्गल आरोप लगाने चाहिए।

यह प्रकरण न सिर्फ एक राजनेता के मान-सम्मान से जुड़ा है, बल्कि यह पूरे लोकतंत्र की परिपक्वता पर भी सवाल खड़ा करता है। सोशल मीडिया आज राजनीति का एक अत्यंत प्रभावशाली मंच बन चुका है। लेकिन जिस प्रकार से राजनीतिक दलों की ओर से इस मंच का उपयोग अब मर्यादाहीन और असंयमित भाषा के लिए किया जा रहा है, वह बेहद चिंताजनक है। यह केवल एक दल या एक नेता का मुद्दा नहीं है, बल्कि पूरे राजनीतिक विमर्श की गिरती गुणवत्ता का प्रमाण है। राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में स्वस्थ आलोचना एक अनिवार्य तत्व होती है, लेकिन जब यह आलोचना निचले स्तर पर जाकर निजी जीवन, पारिवारिक पृष्ठभूमि और जातिगत पहचान पर केंद्रित हो जाए, तो इससे न केवल राजनीतिक वातावरण दूषित होता है, बल्कि आम जनता के बीच भी राजनीति के प्रति विश्वास में गिरावट आती है।

इस घटनाक्रम से यह भी स्पष्ट होता है कि राजनीतिक दलों को अपने सोशल मीडिया प्रबंधन के लिए केवल तकनीकी दक्षता नहीं, बल्कि वैचारिक परिपक्वता और सामाजिक जिम्मेदारी का भी ध्यान रखना चाहिए। यह आवश्यक है कि सोशल मीडिया टीमों को केवल पार्टी लाइन का प्रचार करने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें यह भी सिखाया जाए कि भाषा की मर्यादा और समाज की संवेदनाओं का आदर किस प्रकार किया जाता है। इस दिशा में अगर सख्ती नहीं बरती गई, तो आने वाले समय में राजनीतिक संवाद केवल ट्रोल संस्कृति में सिमटकर रह जाएगा।

साथ ही यह मामला महिलाओं के प्रति सम्मान और सामाजिक चेतना से भी जुड़ा हुआ है। जिस प्रकार से पोस्ट में रेड लाइट क्षेत्रों और वहाँ काम करने वाली महिलाओं को उपहास का माध्यम बनाया गया, वह स्त्री विरोधी मानसिकता की ओर इशारा करता है। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की बात करने वाले दल यदि इस प्रकार की अभद्रताओं को संरक्षण देते हैं, तो यह न केवल पाखंड है बल्कि उस समावेशी समाज के खिलाफ एक सीधा प्रहार है जिसकी कल्पना संविधान करता है।

आखिरकार यह पूरा विवाद इस बात की ओर संकेत करता है कि भारतीय राजनीति को अब विचारधारा की बजाय ट्रोलिंग और बदजुबानी के रास्ते पर धकेला जा रहा है। यह जरूरी है कि देश के सभी राजनीतिक दल, चाहे वे सत्ता में हों या विपक्ष में, इस प्रवृत्ति पर गंभीर आत्ममंथन करें। राजनीतिक विमर्श को गरिमामय बनाना केवल भाषणों और घोषणाओं से नहीं होगा, बल्कि वह नेताओं और उनके संगठनों की वास्तविक नीयत और कार्यशैली से प्रकट होगा। अगर इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वर्षों में यह संभावना प्रबल है कि राजनीति में वैचारिक संघर्ष के स्थान पर व्यक्तिगत अपमान और नैतिक पतन ही मुख्य हथियार बन जाएंगे। यह भारतीय लोकतंत्र के लिए एक खतरनाक संकेत होगा और इसका दुष्परिणाम देश की जनता को ही भुगतना पड़ेगा।

-वरिष्ठ पत्रकार

# अनिवार्य है, कृतघ्न तुर्किए को कठोर संदेश देना



**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को 26 निर्दोष हिन्दू पर्यटकों की नृशंस हत्या के उत्तर में शुरू ऑपरेशन सिंदूर पाक समर्थित आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार बन गया। चार दिल चले ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की सारी हेकड़ी निकल गई, और वो सीजफायर की भिक्षा मांगने लगा। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर अवश्य हो गया है, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बीच तुर्की खासा सुर्खियों में रहा और उसका पाकिस्तान प्रेम खुलकर सामने आ गया।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन, तुर्किए और अजरबैजान का वास्तविक चेहरा अखिल विश्व के समक्ष अनावृत हो गया। पाकिस्तान ने इस दौरान भारत पर जो ड्रोन और मिसाइल दागे वो 'मेड इन' चाइना और तुर्किए में बने थे। पाकिस्तान ने जो चीन की निकृष्ट मिसाइल और तुर्किए के ड्रोन भारत पर हमले में प्रयोग किये, उनके अवशेष सैन्य बलों के पास हैं। चीन और तुर्किए अब इन प्रमाणों को नकार नहीं सकता है।

सीजफायर के बाद पाकिस्तान के मित्र तुर्किए के विरुद्ध भारत में विरोध शुरू हो गया है और सोशल प्लेटफार्म पर बॉयकाट तुर्की मुहिम जोर पकड़ने लगी है। भारतीय टूरिस्ट तुर्किये और अजरबैजान का बॉयकॉट कर रहे हैं। मोदी सरकार ने भी तुर्की को सबक सिखाने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिये हैं। लेकिन जिस तरह देशवासियों ने स्वत: तुर्की और अजरबैजान का बॉयकॉट करने की मुहिम छेड़ी है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए, वो कम है। भारतीय नागरिकों के इस भाव का प्रभाव तुर्किए के अरबों डॉलर के व्यापार पर पड़ने वाला है।

तुर्किये 'एहसान फरामोशी' का सबसे कलंकित उदाहरण हो सकता है। जब फरवरी, 2023 में तुर्किए में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, लगभग चालीस हजार लोग मारे गए थे, इमारतें 'मिट्टी-मलबा' हो गई थीं, तब भारत ने मदद का पहला हाथ बढ़ाया था। भारत ने भूकंप के अलावा भी तुर्किये की कई बार सहायता की है, लेकिन जब मौका आया तो उसने कृतघ्नता ही दिखाई और भारत के शत्रु के पक्ष में खड़ा हो गया। 2009 में तुर्किये ने पहली नैनो सैटेलाइट आईटीयूपीसेट-1 बनाई, जिसे स्पेस में नई टेक्नोलॉजी पर रिसर्च करना, पृथ्वी की तस्वीरें लेना और आंकड़ा एकत्र करने के लिए भेजा जाना था। इस लॉन्च में भारत ने तुर्किये की मदद की थी। इस सबके उपरांत तुर्किये सदैव पाकिस्तान का समर्थन करता रहा है।

तुर्किये ने 2019 में भारत के धारा 370 हटाने का भी विरोध किया था। इसके बाद से लगातार तुर्किये यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली यानी यूएनजीए में कश्मीर का मुद्दा उठाता आया है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 6-7 मई की रात भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया, तो तुर्किये खुलकर पाकिस्तान के साथ दिखा। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि तुर्किये ने पाकिस्तान को करीब 350 ड्रोन और उन्हें चलाने के लिए ऑपरेटर भेजे। 4 मई को तुर्किये ने नौसेना का युद्धपोत टीसीजी बुयुकडा (एफ-512) पूरे बेड़े के साथ पाकिस्तान के कराची पोर्ट पर भेज दिया। तुर्किए ने पाकिस्तान के पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच की अनुशंसा का भी समर्थन किया। 10 मई को सीजफायर के बाद शहबाज शरीफ ने एर्दोगन को मदद करने के लिए शुक्रिया अदा किया।

तुर्किए के पाकिस्तान का साथ देने के बाद भारतीय पर्यटकों ने धड़ाधड़ तुर्की की यात्राएं कैंसिल करवानी शुरू कर दी है। भारतीय पर्यटकों को आज की तारीख में सिर्फ एक आम ट्रैवलर मानना बहुत बड़ी गलती है। क्योंकि ग्लोबल टूरिज्म इंडस्ट्री के लिए भारतीय पर्यटक एक आर्थिक स्तंभ बन चुके हैं। साल 2023 में भारतीय पर्यटकों ने दुनिया के अलग अलग हिस्सों में घूमने में 18 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च किए। ऐसे में अगर भारतीय पर्यटक किसी देश का बहिष्कार करते हैं तो वो सिर्फ एक सोशल मीडिया पर चलाया गया ट्रेंड नहीं होता है, बल्कि एक भूकंप होता है।

पिछले साल जनवरी में मालदीव के कुछ मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी के लक्षद्वीप दौरे के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। जिसके बाद भारत और मालदीव के बीच विवाद काफी बढ़ गया। भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का बहिष्कार शुरू कर दिया, जिसने कुछ ही समय में मालदीव के नेताओं को घुटने टेकने के लिए विवश कर दिया। मालदीव की अर्थव्यवस्था, जिसमें टूरिज्म सेक्टर का 28 प्रतिशत योगदान है, उसे गहरा धक्का लगा था, लिहाजा अब बारी तुर्की की है।

पिछले कुछ सालों में भारी संख्या में भारतीय पर्यटकों ने घुमने के लिए तुर्की को चुना है। साल 2023 में करीब 2.74 लाख भारतीय नागरिक घूमने के लिए तुर्की गये थे। जबकि 2024 में तुर्की जाने वाले भारतीय पर्यटकों का ये आंकड़ा बढ़कर करीब 3.5 लाख पहुंच गया। भारतीय लोगों के बीच शादी करने, हनीमून मनाने और फैमिली ट्रिप्स के लिए तुर्की तेजी से लोकप्रिय हो रहा था। लेकिन 2025 में तुर्की ने पाकिस्तान का समर्थन करके भारतीयों को अपने विरूद्ध कर लिया है। इसके अलावा भारत जैसे देशों के पर्यटकों का बहिष्कार सिर्फ आर्थिक नहीं, राजनीतिक संदेश भी होता है।

पर्यटन के अलावा भारतीय बाजारों में तुर्की से आयातित सेब की बिक्री पर भी प्रभाव पड़ा है। भारतीय कारोबारियों ने अब ईरान, अमेरिका और न्यूजीलैंड से सेब खरीदना शुरू कर दिया है। सेब उत्पादन करने वाला संघ, जो पहले से ही विदेशों से मंगाए जाने वाले सेब की वजह से नाराज रहता था और तुर्की के सेब पर प्रतिबंध लगाने की मांग करता रहता था, वो अब प्रसन्न है। इस वित्त वर्ष में तुर्की से 1 लाख 60 हजार टन सेब खरीदे गये थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत तुर्की के साथ व्यापारिक संबंध समाप्त करने की तैयारी मे। भारत तुर्की से दाल, तिलहन और स्टील जैसी चीजें खरीदता है। दोनों देशों के बीच व्यापार को 20 अरब डॉलर तक ले जाने की योजना थी। लेकिन अब बदले वातावरण में यह संबंध पूर्णत समाप्त हो सकते हैं। 15 मई केंद्र सरकार ने तुर्किये की कंपनी सेलेबी एविएशन की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी। यह दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु सहित प्रमुख भारतीय हवाई अड्डों पर हाई सिक्योरिटी ऑपरेशन संभालती है। भारत के प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों ने भी तुर्की से एकेडमिक समझौते रद्द कर दिये हैं। इनमें जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी यानी जेएनयू, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, आईआईटी रुड़की, शारदा विश्वविद्यालय और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी शामिल हैं।

भारत सरकार ने व्यापार के अलावा कूटनीति के मोर्चे पर भी तुर्किये को बड़ा सबक सिखाने का मन बना लिया है। तुर्किये को सबक सिखाने के लिए भारत उसके अंदर के मुद्दों को बाहर लाएगा। तुर्किये में लगातार बढ़ रही मानवाधिकार हनन की घटनाओं को भारत यूनाइटेड नेशन्स के समक्ष रख सकता है। इसके अलावा 'साइप्रस का मुद्दा' तुर्किये की सबसे बड़ी कमजोरी बन चुका है। तुर्किए और साइप्रस के बीच की जंग दशकों पुरानी है, इसके बावजूद तुर्किये इसे समाप्त नहीं कर पा रहा। भारत इस मुद्दे के सहारे तुर्किये को सबक सिखा सकता है। येन-केन-प्रकारेण, तुर्किये ने इस्लामी देशों का 'खलीफा' बनने की भ्रांति पाल रखी है, इसलिए उसकी हेकड़ी तोड़ना अत्यावश्यक है।

तुर्किए को सबक सिखाना इसलिए भी अहम है क्योंकि अखिल विश्व को यह संदेश देना चाहिए कि भारत के शत्रु का जो भी साथ देगा, उसे भारत शत्रु की श्रेणी में ही रखेगा। व्यापार, हानि-लाभ और कूटनीति अपने स्थान पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में कहा जाए तो हमारे दिल में 'नेशन फर्स्ट' का भाव सर्वोच्च होना चाहिए। केवल तुर्किए ही नहीं, हमें हर उस देश और व्यक्ति का बॉयकॉट करना चाहिए या हमारे भीतर शत्रु बोध होना चाहिए, जो हमारे देश के प्रति शत्रुता रखता हो, शत्रुता का भाव और विचार रखता हो और जो हमारे शत्रु से मित्रता निभाता हो।

-राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार

## विदेश की खबरें

### पाकिस्तान: बलूचिस्तान में उग्रवादियों ने जांच चौकी पर किया हमला, चार सैनिकों की मौत

**कराची :** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार जिले में रणनीतिक रूप से अहम चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) मार्ग पर स्थित एक जांच चौकी पर उग्रवादियों द्वारा किये गए हमले में चार सैनिक मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नकाबपोश बंदूकधारियों ने शनिवार शाम जिले के नाल इलाके में जांच चौकी पर हमला किया और मौके से फरार हो गए। अबतक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन सुरक्षा अधिकारियों का मानना है कि यह हमला बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) द्वारा किया गया है।

### गाजा में इजराइल के हवाई हमलों में 66 लोगों की मौत: अस्पताल

**दीर अल-बलाह (गाजा) :** गाजा में बीती रात और रविवार को इजराइल द्वारा किए गए हवाई हमलों में कम से कम 66 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अस्पतालों और चिकित्सकों ने यह जानकारी दी। इजराइल की सेना की ओर से इस बारे में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। दक्षिण गाजा के खान यूनिस शहर में स्थित नासिर अस्पताल ने कहा कि उसे 20 लोगों के शव मिले हैं, जो मुवासी क्षेत्र में विस्थापित परिवारों के घरों व तंबुओं पर रात भर हुए हवाई हमलों में मारे गए। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, उत्तरी गाजा में हुए कई हमलों में कम से कम 36 लोग मारे गए। इसने कहा कि मृतकों में एक ही परिवार के नौ लोग शामिल हैं, जिनकी मौत जाबालिया शरणार्थी शिविर में उनके घर पर हुए हवाई हमले में हुई।

### रूस के पास यूक्रेन में स्थायी शांति के लिए अभियान पूरा करने के लिए पर्याप्त बल है: पुतिन

**मॉस्को :** रूस राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के बिना भी रूस के पास यूक्रेन अभियान को पूरा करने और अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पर्याप्त बल है। पुतिन ने 'स्टेट टीवी' को दिये साक्षात्कार में कहा, 'हमें यह गलती (परमाणु हथियारों का इस्तेमाल) करने के लिए मजबूर करने के कई प्रयास किए गए, लेकिन हमारे पास इस विकल्प के बिना भी उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए पर्याप्त बल है।' उन्होंने कहा, 'इसका उद्देश्य इस संकट के मूल कारणों को समाप्त करना, दीर्घकालिक और स्थायी शांति के लिए परिस्थितियां बनाना तथा रूस को सुरक्षा प्रदान करना है।'

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 19 मई, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष षष्ठी, 06:11 तक, नक्षत्र : श्रावण, 19:17 तक, योग : शुक्ला, 05:43 तक, सूर्योदय: 4:55, सूर्यास्त: 18:11, चन्द्रोदय : 23:49, चन्द्रास्त: 10:16, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 06:37 से 08:15

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए ग्रहों के शुभ योग बने हैं और आपको लाभ भरपूर मात्रा में प्राप्त होगा। इससे प्रमोशन या नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना बन रही है और आपकी तरक्की होगी।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों के लिए दिन भाग्य के द्वार खोलेगा। विशेषकर यदि आप उच्च शिक्षा, विदेश यात्रा या सरकारी क्षेत्र में कार्यरत हैं। कोई महत्वपूर्ण सूचना करियर की दिशा बदल सकती है।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों के लिए लाभ के योग हैं और आपको तरक्की के साथ कारोबार में सफलता प्राप्त होगी। शेयर बाजार में निवेश करने से बचें, वरना पैसा डूब सकता है।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों का दिन लाभ से भरा होगा। साझेदारी के व्यापार या कंसल्टेंसी क्षेत्र में विशेष लाभ होगा। जो लोग अपने व्यवसाय को विस्तार देना चाहते हैं उन्हें साझेदारों से अच्छा सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों को भाग्य का साथ मिल रहा है और आपके सभी कार्य आसानी से पूरे होंगे। किसी उच्च अधिकारी की कृपा या बड़े ग्राहक से लाभ की संभावना है।

**कन्या :** कन्या राशि वालों के लिए करियर में तनाव और जिम्मेदारियां अधिक रहेंगी, विशेषकर यदि आप स्वास्थ्य, शिक्षा या सेवा क्षेत्र से जुड़े हैं। धन आगमन बना रहेगा।

**तुला :** तुला राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है और आपके लिए आकस्मिक आर्थिक लाभ के संकेत मिल रहे हैं। आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी और आपको तरक्की हासिल होगी।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है और आपको ऑफिस में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। इससे कार्यभार बढ़ सकता है, किन्तु उसके साथ आर्थिक लाभ भी सुनिश्चित रहेगा।

**धनु :** धनु राशि के लोगों को करियर में सफलता मिलेगी और भाग्य आपका साथ देगा। ऑफिस में योग्यता और समर्पण की सराहना होगी, जिससे आपको कोई नई जिम्मेदारी या बोनस प्राप्त हो सकता है।

**मकर :** मकर राशि के लोगों का दिन मिलाजुला रहेगा और ऑफिस में सहकर्मियों या भाई-बहनों के साथ मतभेद हो सकते हैं, जो आपके कार्य में बाधा उत्पन्न करेंगे।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों का भाग्य साथ देर रहा है। कार्यक्षेत्र में आपके कार्य की सराहना होगी, जिससे आपको नई परियोजनाओं में भूमिका मिल सकती है। क्लाइंट मीटिंग से लाभ होगा।

**मीन :** मीन राशि का दिन सफलता से भरा होगा। धन लाभ के अच्छे योग हैं, विशेषकर यदि आप आयकर, बैंकिंग, बीमा या प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े हैं। कोई रुका हुआ भुगतान भी प्राप्त हो सकता है।

## वर्ग पहेली नं. 3096



*बायें से दायें:-* 1) अलमस्त; निश्चिंत, 3) हिमालय की एक चोटी, 6) हाथीवान, 8) कृतज्ञतापूर्वक, 9) पांडवों में नकुल, 10) हत्या, 12) बोली बोलकर माल बेचने का ढंग, 13) रिसना, 15) अवधि, 17) सीढ़ी, 18) शरीफ़, 19) खत्म; सारा, 20) मिट्टी, चुने, कंकर आदि का दीवार पर लेप, 21) संतोष, 23) वसंत ऋतु में काटी जानेवाली फ़सल, 24) दलहन, 26) मनमाना काम, 29) असाक्षरता, 30) दुलार.

*ऊपर से नीचे:-* 2) अनुमोदनीय, 3) ध्वज, 4) शोरबा, 5) उत्पादनगृह, 7) शक, 9) गाँजा, 11) मुकरना, 14) इस्लामी धर्मसूत्र, 16) स्वार्थी, 17) सिंगार; सजावट, 18) मुखिया, 19) ग़र्क, 20) कल के बाद का दिन, 22) भेदभावहीनता, 25) १,००,०००, 27) गले में पहनने का हार, 28) घोंसला.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ता | री | फ़ | | | स | र्व | त्र | | मू |
| | | सा | म्य | वा | द | | स्त | ब | क |
| ता | दा | द | | स | मा | ना | | स | ब |
| री | | | द | र | | बा | ढ़ | | धि |
| ख़ा | र | गो | श | | ब | लि | | गु | र |
| | क्ष | | ह | ठी | | ग | धा | हा | |
| म | क | ब | रा | | सु | | नं | | स |
| ढ़ | | धि | | ज | रा | यु | ज | | म |
| ना | ज़ु | क | दि | मा | ग़ | | य | था | र्थ |

## सुडोकू-पहेली-3053

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | | | 4 | |
| | 4 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 3 | | | 8 | | |
| | | | | | 7 | 4 | 5 | |
| 1 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | 5 | | | | | | 9 | 1 |
| | | | | 2 | 5 | | | 3 |
| | | 8 | | 3 | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

### सूडोकू पहेली - 3052 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 9 | 8 | 4 | 7 | 2 | 3 | 5 |
| 3 | 7 | 8 | 5 | 2 | 1 | 6 | 4 | 9 |
| 2 | 5 | 4 | 6 | 9 | 3 | 1 | 8 | 7 |
| 4 | 8 | 1 | 2 | 7 | 9 | 3 | 5 | 6 |
| 7 | 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 9 | 2 | 8 |
| 5 | 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 2 | 4 | 6 | 3 |
| 6 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 | 8 | 9 | 1 |
| 9 | 4 | 3 | 1 | 8 | 6 | 5 | 7 | 2 |

# पुलिस ने आंदोलनकारी शिक्षकों को 21 मई को किया तलब

**❑ विकास भवन में सरकारी संपत्ति नष्ट व पुलिस से मारपीट का आरोप**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल पुलिस ने कुछ शिक्षकों को समन जारी कर उन्हें 15 मई को कोलकाता के साल्टलेक इलाके स्थित राज्य शिक्षा विभाग के मुख्यालय विकास भवन और उसके आसपास हुई झड़पों की जांच के सिलसिले में पुलिस थाने में पेश होने को कहा है। बता दें कि शिक्षक हाल ही में उच्चतम न्यायालय के फैसले की वजह से नौकरी गंवा चुके हैं और बहाली की मांग को लेकर गत गुरुवार से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पता चला है कि बिधाननगर पुलिस आयुक्तालय ने 16 मई को शिक्षकों को जारी समन में आरोप लगाया है कि उन्होंने (शिक्षकों ने) सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया, लोक सेवकों को उनके वैध कर्तव्य का पालन करने से रोका और लोक सेवकों को उनके कर्तव्य का पालन करने से धमकाया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को बुधवार को बिधाननगर उत्तर पुलिस थाने में जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने को कहा गया है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने बिधाननगर उत्तर पुलिस थाने में कुछ शिक्षकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है, जिन्हें गुरुवार को पुलिस कर्मियों के साथ हुई झड़प के विभिन्न वीडियो फुटेज में देखा गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत लोक सेवक द्वारा विधिपूर्वक जारी आदेश की अवज्ञा, आपराधिक अतिक्रमण और घर में जबरन प्रवेश, दंगा फैलाने और गलत तरीके से रोकने की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। मन में कहा गया है कि जांच के दौरान जानकारी मिली कि आपने सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया और लोक सेवक को उसके वैध कर्तव्य से बाधित किया तथा लोक सेवक को उसके कर्तव्य का पालन करने से धमकाया। वर्तमान जांच के संबंध में आपसे तथ्यों और परिस्थितियों का पता लगाने के लिए आपसे पूछताछ करने के उचित आधार भी हैं। इसलिए आपको 21 मई को सुबह 11 बजे बिधाननगर उत्तर पुलिस थाना में मेरे समक्ष पेश होने का निर्देश दिया जाता है।

## विकास भवन के बाहर बेरोजगार शिक्षकों का प्रदर्शन लगातार चौथे दिन भी रहा जारी




नौकरी गंवाने वाले स्कूल शिक्षकों ने साल्टलेक स्थित विकास भवन के बाहर लगातार चौथे दिन रविवार को भी अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा। 'डिजर्विंग टीचर्स राइट्स फोरम' के लगभग 1,000 प्रदर्शनकारियों में वे शिक्षक शामिल हैं, जिन्होंने 2016 में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) की परीक्षा उत्तीर्ण की थी, लेकिन वे उन 25,753 शिक्षकों की सूची में शामिल थे जिन्हें कोर्ट ने अमान्य करार दिया था। न्यायालय ने भर्ती प्रक्रिया को 'भ्रष्ट' करार दिया था। उन्होंने अपनी नौकरी बहाल करने और राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु से मुलाकात की मांग को लेकर नारे लगाए। प्रदर्शनकारी शिक्षकों में शामिल एक महिला नम आंखों से छात्रों की उत्तर पुस्तिकाएं जांचती नज़र आईं, जबकि कई शिक्षक सड़क पर झाड़ू लगा रहे थे। फोरम के प्रतिनिधि चिन्मय मंडल ने कहा कि हम यहां से तब तक नहीं हटेंगे जब तक मंत्री ब्रत्य बसु आकर यह आश्वासन नहीं देते कि हमें दोबारा परीक्षा नहीं देनी पड़ेगी। राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में जो पुनर्विचार याचिका दाखिल की जा रही है, उसमें हमारे पक्ष को भी शामिल किया जाए। प्रदर्शनकारी यह भी मांग कर रहे हैं कि राज्य सरकार कानूनी और प्रशासनिक उपाय कर उन्हें तत्काल प्रभाव से फिर से बहाल करे।

# नदिया में फिर तीन बांग्लादेशी घुसपैठियें गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला के धानतला थाना इलाके में बांग्लादेश सीमा पार करने से पहले तीन घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार लोगों के नाम रूपा बेगम, खुलना जिला और मोहम्मद आलम हैं। वे बांग्लादेश के जेनाइदाह और खुलना क्षेत्रों के निवासी है। बताया गया है कि तीन महीने पहले तीनों लोग दलालों के जरिए अवैध तरीके से सीमा पार कर नदिया सीमा के जरिए भारत में दाखिल हुए थे। इतना ही नहीं, इस देश के फर्जी पहचान पत्र भी बनाए थे। वे उस पहचान पत्र के साथ दूसरे राज्य में चले गए। बताया गया है कि देश में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को विभिन्न स्थानों से गिरफ्तारी के कारण तीनों ने बांग्लादेश लौटने की योजना बनाई। उन्हें शनिवार की रात को धानतला सीमा क्षेत्र के रास्ते बांग्लादेश लौटना था। पुलिस को गोपनीय सूत्रों से सूचना मिली कि तीन व्यक्ति क्षेत्र में घूम रहे हैं। इसके बाद, उस इलाके में छापेमारी की गई। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनसे पूछताछ शुरू की गई। फिर, तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। रविवार को गिरफ्तार लोगों को राणाघाट न्यायिक विशेष अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने यह भी कहा है कि इस बात की जांच की जा रही है कि क्या क्षेत्र में कोई अन्य घुसपैठिया छिपा हुआ है।

## मुर्शिदाबाद में 16 वर्षों से अवैध रूप से रह रहा एक बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** जिले के कांदी थाना अंतर्गत हिजल के गोपालपुर में 16 वर्षों से भारत में अवैध रूप से रह रहे एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति का नाम माहिर मोल्ला (25) है। वह बांग्लादेश के नाराई जिले के सेखाती गांव का निवासी है। सूत्रों के अनुसार, वह 2008 में अवैध रूप से भारत में घुसा था और कांदी के गोपालपुर में रहने लगा। उसने यहीं शादी भी की। उसके बाद, वह अपने ससुराल में रहने लगा। हालांकि, उसके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं था। पुलिस के पास लंबे समय से शिकायतें आ रही थीं। आखिरकार, पुलिस ने शनिवार की रात उसे गिरफ्तार कर लिया। रविवार को उसे कांदी उपजिला न्यायालय में पेश किया गया।

# उस्ती में जमीन को लेकर पारिवारिक विवाद में युवक की हत्या

**❑ एक महिला सहित पांच लोगों को लिया गया हिरासत में**

**कोलकाता, समाज्ञा :** जमीन को लेकर हुए पारिवारिक विवाद में एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। कथित तौर पर, जमीन को लेकर पारिवारिक विवाद के दौरान युवक पर चाकू से हमला किया गया। बताया जा रहा है कि सिर भी कुचला गया। जब उसे अस्पताल ले जाया गया तो उसकी मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार, यह घटना दक्षिण 24 परगना के उस्ती थाना अंतर्गत उत्तरकुसुम ग्राम पंचायत के हलधर हाट इलाके में शनिवार की रात को घटी। स्थानीय व पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृत युवक का नाम अनवर हुसैन लस्कर है। पता चला है कि दो चचेरे भाइयों के बीच जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। शनिवार की रात दोनों परिवारों में फिर से झगड़ा हो गया। बहस के दौरान, चचेरे भाई इस्माइल लस्कर ने कथित तौर पर अनवर हुसैन लस्कर के पेट और कंधे पर तेज चाकू से कई बार वार किया। मृतक के परिवार का यह भी दावा है कि उसके सिर पर ईंट से भी वार किया गया। अनवर को लहूलुहान हालत में स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से इलाके में तनाव पैदा हो गया। पुलिस ने हत्या के सिलसिले में एक महिला सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है और उनसे पूछताछ कर रही है। हालांकि, रविवार की सुबह तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी। इलाके में अभी भी तनाव है।

# शुभेंदु अधिकारी ने मालदह में 'सनातनी' समुदाय के लोगों पर हमले का लगाया आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को आरोप लगाया कि मालदह जिले के रतुआ में मंदिर निर्माण को लेकर 'सनातनी' समुदाय के लोगों पर हमला किया गया, उनकी दुकानों को लूट लिया गया और वाहनों में तोड़फोड़ की गई। इस दिन, नेता प्रतिपक्ष ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एक बार फिर, रात (शनिवार) की पवित्रता मालदह जिले के रतुआ में बिखर गई है, क्योंकि सनातनी समुदाय को कट्टरपंथी चरमपंथी तत्वों के हमलों का लगातार सामना करना पड़ रहा है। उनका एकमात्र दोष एक मंदिर का निर्माण करना था। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि बदमाशों ने समुदाय को निशाना बनाया,



अंधाधुंध पथराव किया जिससे इलाका भय और विनाश के युद्धक्षेत्र में बदल गया। उन्होंने कहा कि नवीनतम रिपोर्टें पुष्टि करती हैं कि न केवल घरों को निशाना बनाया गया है, बल्कि कई दुकानों में लूटपाट की गई और सनातनी समुदाय के वाहनों को भी तोड़ दिया गया। भाजपा नेता ने कहा कि सड़कों पर बिखरे मलबे और टूटी हुई चीजों के अवशेषों से पता चलता है कि किस तरह से इन हमलों को अंजाम दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस 'इन घटनाओं के दौरान स्पष्ट रूप से अनुपस्थित रही।' उन्होंने अपने वकील के माध्यम से राज्य सरकार से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह किया।

## पुलिस ने भाजपा नेता के आरोपों को किया खारिज

**मालदह :** राज्य पुलिस ने विपक्ष के नेता के इन आरोपों को खारिज कर दिया कि मालदह जिले के रतुआ में मंदिर निर्माण के कारण सनातनी समुदाय के लोगों पर कट्टरपंथी तत्वों ने हमला किया और इसे 'गलत सूचना फैलाने' का प्रयास बताया। पुलिस ने दावा किया कि शनिवार की शाम को मालदह के रतुआ थाना अंतर्गत एक दुकान के सामने टोटो (ई-रिक्शा) पार्किंग के 'मामूली मुद्दे' पर दो समूहों के बीच झड़प हुई थी। मालदह जिला पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मालदह के रतुआ थाना अंतर्गत 17 मई की शाम को हुई एक घटना के बारे में गलत सूचना फैलाने के लिए कुछ वर्ग प्रयास कर रहे हैं। तथ्य यह है कि एक दुकान के सामने ई-रिक्शा पार्किंग के मामूली मुद्दे पर दो समूहों के बीच झड़प हुई। पुलिस ने कहा कि दोनों समूहों के बीच पथराव हुआ जिससे दोनों पक्षों की कुछ दुकानों/ढांचों को मामूली नुकसान पहुंचा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक बल प्रयोग कर दोनों पक्षों को खदेड़ दिया और यातायात बहाल कराया।

# बीड़ी की आग में आंशिक रूप से जलकर छत से गिरकर व्यक्ति की मौत

**❑ बागबाजार में बरामद अधजली शव की गुत्थी सुलझी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने बागबाजार में निर्माणाधीन बहुमंजिली इमारत के नीचे से शनिवार की सुबह एक व्यक्ति सोमनाथ मुखर्जी की अधजली लाश की गुत्थी सुलझा ली है। कोलकाता पुलिस ने रविवार को बताया कि जिस सोमनाथ मुखर्जी की निर्माणाधीन बहुमंजिली इमारत के नीचे से लाश मिली थी वह उसी इलाके का निवासी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वह उक्त मकान की सबसे ऊपरी मंजिल पर बीड़ी पी रहा था। बीड़ी की आग से उसके पहने हुए कपड़े जल गए। इसी कारण वह आधा जल गया। वह बदहवासी में



भागा और ऊपरी मंजिल से गिरने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस का दावा है कि वह व्यक्ति निर्माणाधीन मकान की तीसरी मंजिल की छत पर प्रतिदिन बीड़ी पीता था। घटना वाले दिन वह धूम्रपान के लिए छत पर गया था। बीड़ी जलाते समय उसके कपड़ों में अचानक आग लग गई। आग से घबराकर सोमनाथ खुली छत के किनारे भागकर गया। उसी समय वह असावधानीवश वहां से गिर गया। ऊंचाई से गिरने के कारण हाथ और पसलियां टूट गईं और घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बीड़ी से जलने के कारण शरीर पर घाव बन गए। घटनास्थल पर जली हुई बीड़ी के टुकड़े भी मिले हैं। उल्लेखनीय है कि गत शनिवार की सुबह करीब 9 बजे बागबाजार के निवेदिता लेन में निर्माणाधीन बहुमंजिली इमारत के नीचे एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। उसके शरीर के आसपास से धुआं निकलता दिखाई दे रहा था। श्यामपुकुर थाना पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने जांच शुरू करने के 24 घंटे में ही मामले का खुलासा हो गया।

# ऑपरेशन सिंदूर : सैनिकों के सम्मान में तृणमूल ने लगातार दूसरे दिन निकाली देशभक्ति रैलियां

**❑ राज्य के सभी ब्लॉकों व वार्डों में निकाली गई रैलियां, भारतीय सेना के समर्थन में लगे नारे**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारतीय सैन्य बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत की कार्रवाई की शानदार सफलता के लिए सैनिकों के सम्मान में राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को लगातार दूसरे दिन राज्यभर में देशभक्ति रैलियां निकालीं। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के पराक्रम के सम्मान में भाजपा द्वारा देशभर में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा की तर्ज पर तृणमूल द्वारा आयोजित इन रैलियों में तिरंगा झंडा और बैनर लिए कार्यकर्ताओं ने सैनिकों के समर्थन में नारे लगाए। मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी के आह्वान पर राज्यभर के सभी ब्लाकों व वार्डों में पार्टी

তৃণমূল
আমার আপনার বাংলার

द्वारा रैलियां आयोजित की गई, जिसमें पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। इन रैलियों में महिला कार्यकर्ताओं की भी जबर्दस्त भागीदारी देखी गई। रैली में शामिल नेताओं ने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सशस्त्र बलों के पराक्रम की सराहना की। इन रैलियों के दौरान पाकिस्तान के साथ संघर्ष में बलिदान होने वाले भारतीय सैनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# हथियार के साथ कुख्यात बांग्लादेशी समुद्री लुटेरा समेत दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यू टाउन इलाके से एक बांग्लादेशी समुद्री डाकू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति का नाम मजनू गाजी है। उसके साथ एक अन्य बांग्लादेशी घुसपैठिए को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उत्तर 24 परगना जिला अंतर्गत रहड़ा थाने की पुलिस को सूचना मिली थी कि कुख्यात बांग्लादेशी लुटेरा मजनू गाजी राज्य में रह रहा है। वह बांग्लादेश के सुंदरवन के विभिन्न जलमार्गों में मछुआरों की नावों को लूटता था। करीब एक साल से वह रहड़ा थाना इलाके में कहीं छिपा हुआ है। जांच के बाद आरोपित के न्यू टाउन में रहने का पता चला। इसके बाद, पुलिस ने शनिवार की रात वहां छापेमारी कर मजनू गाजी



को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक पाइप गन और एक कारतूस बरामद किया गया है। मजनू से पूछताछ के बाद पुलिस ने रविवार के तड़के रहड़ा थाना क्षेत्र से कमाल शेख नामक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ये दोनों अपराधी एक साल से राज्य में रह रहे थे और विभिन्न अपराधों में संलिप्त हैं। माना जा रहा है कि ये लोग सुन्दरवन जल सीमा पार कर भारत में प्रवेश कर गये। पुलिस यह जांच कर रही है कि उन्होंने कैसे और किसकी मदद से सीमा पार की।

## भगवानपुर में पिस्तौल के साथ भाजपा नेता समेत दो गिरफ्तार

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के भगवानपुर में हस्तनिर्मित पिस्तौल के साथ भाजपा नेता समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार भाजपा नेता का नाम तरुण पात्रा है। मिली जानकारी के अनुसार, गुप्त सूत्रों से सूचना मिलने के बाद गत शनिवार को भगवानपुर थाना इलाके में पुलिस ने छापेमारी की और वहां से पुलिस ने एक भाजपा नेता समेत दो लोगों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से एक हस्तनिर्मित 9 एमएम पिस्तौल बरामद की गई। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है ताकि पता लगाया जा सके कि आरोपियों ने हथियार कैसे हासिल किए। गिरफ्तार लोगों को रविवार को कांथी अदालत में पेश किया गया। दूसरी तरफ, इस घटना को लेकर राजनीतिक बयानबाजी शुरू हो गई है।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से प्रभावित शिक्षकों के लिए सरकार सक्रिय : कुणाल घोष

**कोलकाता, समाज्ञा :** विकास भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों को लेकर तृणमूल नेता कुणाल घोष ने रविवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से गलती से प्रभावित लोगों की मदद के लिए राज्य सरकार समीक्षा याचिका दायर करेगी।



कुणाल घोष ने यहां मीडिया से बात करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आधार पर जो लोग गलती से प्रभावित हुए हैं, वे वास्तव में कठिनाइयों और दर्द से गुजर रहे हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस समस्या को समझती हैं। राज्य सरकार इस संकट को हल करने और राहत देने के लिए सुप्रीम कोर्ट में समीक्षा याचिका दाखिल करने पर काम कर रही है।

# आवास योजना की राशि में से कटमनी लेने का आरोप, साइबर कैफे का मालिक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के बनगांव के गोपालनगर थाना अंतर्गत अकाईपुर स्थित एक साइबर कैफे के मालिक पर आवास योजना के तहत मिले राशि में से कटमनी लेने का आरोप लगा है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम अनूप रॉय है। अकाईपुर बाजार में उसकी दुकान है। बताया गया है कि वहां ऑनलाइन पैसा निकाला और जमा किया जाता है। क्षेत्र के निवासी और आवासीय मकान के प्राप्तकर्ता निमाई सरकार ने आरोप लगाया कि मकान निर्माण के लिए हाल ही में उसके बैंक खाते में 60,000 रुपये घुसे थे। पैसा बैंक से निकाला गया। आरोपी अनूप रॉय ने अपना काम पूरा कर दिया। आरोप है कि यह



बोलकर आरोपी ने निमाई से जबरन 20,000 रुपयो ले लिये। जब पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने देने से इनकार कर दिया। तब निमाई ने गोपालनगर पुलिस थाने में संपर्क किया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने साइबर कैफे के मालिक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को रविवार को बनगांव उपजिला न्यायालय में पेश किया गया। न्यायाधीश ने गिरफ्तार व्यक्ति को तीन दिन तक पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# योग्य अध्यक्ष नहीं मिलने पर गठित हुई चार सदस्यीय 'लीडरशिप कमेटी'

**❑ प्रदेश युवा कांग्रेस अब इसी से चलाएगी काम**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में युवा कांग्रेस को फिलहाल बिना अध्यक्ष के ही काम चलाना होगा। राज्य में उपयुक्त अध्यक्ष नहीं मिलने के कारण राष्ट्रीय युवा कांग्रेस ने फिलहाल चार सदस्यीय 'लीडरशिप कमेटी' का गठन किया है। इस कमेटी में साहिना जावेद, सौरभ प्रसाद, कासिफ रेज़ा और अर्घ्य गण को शामिल किया गया है। यही चारों नेता फिलहाल पूरे राज्य में संगठनात्मक कामकाज का समन्वय करेंगे। दरअसल, लंबे समय से बंगाल युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रहे अजहर मलिक हाल ही में कांग्रेस छोड़कर तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए। उनके पार्टी छोड़ने के बाद प्रदेश नेतृत्व के सामने एक बड़ी चुनौती खड़ी हो गई – नए अध्यक्ष की तलाश। संगठन के भीतर यह मांग उठी थी कि ऐसे किसी नेता को यह जिम्मेदारी सौंपी जाए जो निःस्वार्थ भाव से संगठन को फिर से खड़ा कर सके। लेकिन केंद्रीय नेतृत्व किसी जल्दबाजी में नहीं है। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली में अध्यक्ष पद के लिए कुल नौ नेताओं का इंटरव्यू भी लिया गया, लेकिन किसी को भी पूरी तरह उपयुक्त नहीं माना गया। ऐसे में संगठन की स्थिरता बनाए रखने के लिए अस्थायी रूप से चार नेताओं की एक कमेटी बनाकर काम आगे बढ़ाने का फैसला लिया गया। युवा कांग्रेस के संगठनात्मक नियमों के अनुसार, जब भी अध्यक्ष पद अचानक खाली होता है, तो पिछली संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने वाले एक या अधिक नेताओं को यह जिम्मेदारी सौंपी जाती है। उसी नियम का पालन करते हुए बंगाल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार और उनकी टीम अब राजनीतिक रूप उसे अस्तित्व खो रही पार्टी को बचाने की जुगत में लगे हैं।

# बासंती हाईवे पर बस और ट्रक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत, 10 घायल



**कोलकाता, समाज्ञा :** बासंती हाईवे पर रविवार को बस और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि, घटना में 10 लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान बाबूराली शेख (62) के रूप में की गई है। वह बासंती थाना अंतर्गत रानीगढ़ नंबर 2 इलाके का निवासी था। स्थानीय और पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस दिन, दोपहर में अलीपुर से एसडी 24 रूट की एक बस बासंती की ओर जा रही थी। तभी, बासंती थाना अंतर्गत कुलतली के गौरदास पाड़ा से सटे चोराडाकाटिया इलाके में एक ट्रक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर से एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, घटना में कम से कम 10 लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए। स्थानीय लोगों ने दुर्घटनाग्रस्त बस के यात्रियों को बचाया और उन्हें इलाज के लिए कैनिंग उपजिला अस्पताल ले जाया गया। दूसरी ओर, दुर्घटना की सूचना मिलते ही कैनिंग उपजिला पुलिस अधिकारी रामकुमार मंडल सहित बासंती थाने से बड़ी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचे। रामकुमार मंडल ने मामले की जांच की। शव भी बरामद कर लिया गया है और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दूसरी ओर, दुर्घटना के कारण बासंती हाईवे पर यातायात रोक दिया गया। पुलिस ने बस को सड़क से हटवाया और यातायात सामान्य कराया। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है तथा दुर्घटना के वास्तविक कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। ट्रक चालक घटनास्थल से भाग गया, लेकिन बस चालक जाकिर हुसैन शेख को गंभीर चोटें आने के कारण कैनिंग उपजिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## दीघा जाने के दौरान सरकारी बस और ट्रक के बीच टक्कर, 50 घायल

**पूर्व मेदिनीपुर :** दीघा जाने के दौरान नंदकुमार-दीघा 116बी राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बड़ा हादसा हुआ। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार की दोपहर करीब 1 बजे वृंदावनपुर के निकट एसबीएसटीसी बस और मालवाहक ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। लॉरी से टकराने के बाद बस खाई में गिर गई। दुर्घटना के समय बस में 50 लोग सवार थे। कमोबेश सभी लोग घायल हो गये। 30 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें चंडीपुर ब्लॉक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इनमें से लॉरी और बस चालक समेत 8 लोगों की हालत गंभीर है। उन्हें फिलहाल पूर्व मेदिनीपुर जिले के ताम्रलिप्त मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। चंडीपुर थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग कुछ समय के लिए अवरुद्ध रहा। बाद में, पुलिस के हस्तक्षेप से स्थिति पर नियंत्रण पाया गया। यह दुर्घटना कैसे घटित हुई? घटना के समय वाहनों की गति क्या थी? पुलिस जवाब तलाश रही है।




# कोर कमेटी की बैठक के बीच ममता बनर्जी ने किया अणुब्रत मंडल को फोन

❑ कहा... 'सबको साथ लेकर चलें'



**बीरभूम :** बीरभूम में कोर कमेटी की बैठक के दौरान तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी ने अणुव्रत मंडल को फोन पर बैठक के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सीएम को बताया कोई गुटीय संघर्ष नहीं है, हमें 26वां चुनाव एक साथ मिलकर लड़ना है। सूत्रों के मुताबिक, ममता ने एक चार फिर साफ तौर पर यह संदेश दिया है। संयोगवश, अणुव्रत अब जिला अध्यक्ष नहीं हैं। इतना ही नहीं, पार्टी ने बीरभूम से जिला अध्यक्ष का पद भी हटा दिया है। इस बीच, पिछले कुछ महीनों में बीरभूम से दलगत संघर्ष के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं। काजल शेख को कोर कमेटी की बैठक न होने पर सार्वजनिक रूप से अपना गुस्सा व्यक्त करते देखा गया। यह भी स्पष्ट था कि पार्टी के शीर्ष तक पहुंच गया था। मुख्यमंत्री ने अणुव्रत मंडल से कहा कि सभी को साथ लेकर चलना है। काजल को भी विश्वास में लेने की जरूरत है। आशीष और शताब्दी को भी कभी-कभी बुलाया जाए। हाल ही में, तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी ने अणुव्रत के लिए एक स्पष्ट संदेश दिया था। इस बीच, दो दिन पहले तृणमूल कांग्रेस ने कई संगठनात्मक जिलों में बड़ा फेरबदल किया। फिलहाल, अनुब्रत भी काजोल की तरह कोर कमेटी के सदस्य मात्र है। बैठक के दौरान ममता ने उन्हें फोन कर इस बारे में बात करना शुरू कर दिया। सूत्रों के अनुसार, ममता ने बैठक की कुछ जानकारी भी ली। उधर, सिउड़ी विधायक विकास रायचौधरी ने कहा कि ममता बनर्जी ने अणुव्रत मंडल को बैठक बुलाने का निर्देश दिया है। जवाब में, अणुव्रत मंडल ने कहा, दीदी, मैं बैठक क्यों बुलाऊं? बैठक बुलाने के संबंध में सभी निर्णय आशीष लेंगे। विकाश ने यह भी कहा कि विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। कोर कमेटी के सदस्यों में अणुव्रत मंडल, काजल शेख, चंद्रनाथ सिन्हा, सुदीप्तो घोष, अभिजीत सिंह, विकास रॉय चौधरी और आशीष बनर्जी शामिल है। हालांकि, अब से पार्टी ने बीरभूम से दो सांसदों को कोर कमेटी की बैठकों में भाग लेने की अनुमति दे दी है। हालांकि, शताब्दी और चंद्रनाथ बैठक में नजर नहीं आये। बैठक शुरू होने के कुछ देर बाद ही सुदीप्तो भी चले गए। सूत्रों के मुताबिक, नेताओं ने बैठक में भी एकजुट होकर काम करने का संदेश दिया।

# तमलुक सहकारी चुनाव को लेकर तृणमूल और भाजपा उम्मीदवारों में झड़प

## पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में किया




**पूर्व मेदिनीपुर :** पूर्व मेदिनीपुर में तमलुक सहकारी चुनाव को लेकर रविवार को तृणमूल और भाजपा उम्मीदवारों में झड़प हो गई। मतदान शुरू होने के बाद से ही भाजपा उम्मीदवार ने तृणमूल कांग्रेस पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया। दूसरी ओर तृणमूल उम्मीदवार अपना आपा खो बैठे और भाजपा उम्मीदवार से भिड़ गए। दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया। पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रण में किया। भाजपा का दावा है कि जिस तरह से सहकारी चुनावों को लेकर आतंक फैलाया जा रहा है, वह घृणित है। दूसरी ओर, तृणमूल ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव में अनावश्यक तनाव फैलाने की कोशिश कर रही है। तमलुक टाउन क्रेडिट कोआपरेटिव बैंक का चुनाव तमलुक के शालगेछिया हाई स्कूल में हुआ। 58 सीटों में से 45 पर चुनाव हए हैं। तृणमूल ने 31 सीटों पर निर्विरोध जीत हासिल की। इस बीच भाजपा उम्मीदवार सुरजीत बेरा ने तमलुक के तृणमूल नेता चंचल खांड़ा और उनके सहयोगियों पर मतदान केंद्र के अंदर लूटपाट करने का आरोप लगाया। उन्होंने पुलिस से उन्हें बूथ से बाहर निकालने की भी अपील की। इस घटना से नाराज चंचल की भाजपा प्रत्याशी से बहस हो गई। बाद में दोनों पक्षों में झड़प होने लगी। पुलिस ने सभी को वहां से हटा दिया।

# तीन दिवसीय करियर एवं शिक्षा मेला 'एजुकेशन इंटरफेस 2025' का हुआ शुभारंभ



**कोलकाता, समाज्ञा :** नेताजी इंडोर स्टेडियम में शनिवार से तीन दिवसीय करियर एवं शिक्षा मेला 'एजुकेशन इंटरफेस 2025' शुरू हुआ। कैरियर प्लानर एडुफेयर द्वारा आयोजित मेले का उद्घाटन राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु, शहरी विकास और नगरपालिका मामलों के मंत्री व कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम, संसदीय एवं कृषि कार्य मंत्री शोभनदेव चटर्जी, खेल एवं युवा कल्याण, विद्युत एवं आवास मंत्री अरूप बिस्वास, सम्मानित शिक्षाविद और उद्योग जगत के दिग्गज जैसे सरदार तरनजीत सिंह, प्रबंध निदेशक, जेआईएस समूह, मानसी रॉयचौधरी, सह-अध्यक्ष, टेक्नो इंडिया ग्रुप; सत्यम रॉयचौधरी, चांसलर, सिस्टर निवेदिता विश्वविद्यालय और संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, टेक्नो इंडिया ग्रुप द्वारा किया गया। 17 से 19 मई तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक जनता के लिए खुला यह निःशुल्क मेला विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षा पेशेवरों के लिए एक बेहतरीन मंच है, जहां विभिन्न शैक्षणिक और कैरियर आधारित पाठ्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा और सलाह दी जा रही है। इस बार द्विवार्षिक संस्करण में देश के 150 से अधिक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों ने भाग लिया, जिसमें इंजीनियरिंग, चिकित्सा, डेटा विज्ञान, आतिथ्य, वास्तुकला, डिजाइन, पॉलिटेक्निक, मीडिया, फार्मास्युटिकल विज्ञान, नर्सिंग, पशु चिकित्सा विज्ञान और आईटीआई सहित विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। कक्षा 10 और 12 के विद्यार्थियों के साथ-साथ स्नातक और व्यावसायिक स्तर के विद्यार्थी भी कॉलेज प्रतिनिधियों के साथ सीधे चर्चा कर रहे हैं। इस मेले में पूर्व-परामर्श सत्र, लाइव कैरियर मार्गदर्शन, छात्रवृत्ति संबंधी जानकारी, सरकारी शिक्षा नीतियों, छात्र क्रेडिट कार्ड योजनाओं और शिक्षा ऋण के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाती है, जिससे छात्रों को सही शैक्षिक और वित्तीय निर्णय लेने में मदद मिलती है।

# ऑपरेशन सिंदूर के डेलिगेशन से ममता ने बनाई दूरी, तृणमूल सांसद यूसुफ पठान नहीं होंगे शामिल



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस ने केंद्र सरकार को सूचित किया है कि वह आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को वैश्विक मंचों पर प्रस्तुत करने के लिए गठित सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में भाग नहीं लेगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस ने अपने लोकसभा सांसद यूसुफ पठान, जो एक प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे, को इस यात्रा में भाग न लेने का निर्देश दिया है। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने आधिकारिक तौर पर अपने फैसले का कोई कारण सार्वजनिक नहीं किया है, लेकिन केंद्र सरकार को इस बारे में अवगत करा दिया गया है। इस विषय पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि विदेश नीति केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आती है और उसे ही इसकी पूरी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। हम राष्ट्रहित में आवश्यक सभी कदमों में सरकार का समर्थन करते हैं और हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी को सलाम करते हैं। तृणमूल सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने भी प्रतिनिधिमंडल में भाग लेने से इनकार कर दिया है। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया। सांसद यूसुफ पठान का नाम सूची में शामिल था, लेकिन सूत्रों के अनुसार वह भी अब यात्रा पर नहीं जाएंगे।

# जनता की सुरक्षा पर जोर, सांसद निधि से पुलिस को कीर्ति आजाद ने दिए 30 लाख रुपये

## क्षेत्र के चार-पांच इलाकों में लगेंगे लगभग 251 नए सीसीटीवी कैंमरे

**दुर्गापुर :** जनता की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए तृणमूल कांग्रेस के स्टार सांसद कीर्ति आजाद ने पुलिस को 30 लाख रुपये की सहायता दी है। बर्दवान-दुर्गापुर के सांसद ने यह राशि सांसद निधि से प्रदान की है ताकि पुलिस की निगरानी व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सके।

शनिवार को आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस के डिप्टी कमिश्नर (पूर्व) कार्यालय में सांसद कीर्ति आजाद ने यह सहायता पुलिस कमिश्नर सुनील चौधरी को सौंपी। इस मौके पर कमिश्नर सुनील चौधरी ने सांसद को धन्यवाद देते हुए कहा,

हमें सांसद निधि से 30 लाख रुपये मिले हैं। इस राशि से कोकओवन थाना क्षेत्र में 67, दुर्गापुर में 78, कांकसा में 62, न्यूटाउनशिप में 30 और बुदबुद थाना क्षेत्र में 12 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। कुल 251 कैमरे 24 घंटे निगरानी के लिए लगाए जाएंगे। अब तक आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में 1,000 कैमरे लगाए जा चुके हैं, जो अपराध रोकने और महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने में काफी मददगार साबित हो रहे हैं।

उन्होंने आगे बताया कि दुर्गापुर में एक केंद्रीय सीसीटीवी कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जा रहा है, जिससे सभी कैमरों की निगरानी की जाएगी।

इस अवसर पर सांसद कीर्ति आजाद ने कहा,

मेरे बड़े भाई एक समय आईपीएस अधिकारी थे और बाद में खुफिया विभाग में सेवा दी। अब वे रिटायर्ड हैं। उनसे जब-जब अपराध से जुड़े किस्से सुनता था, तब-तब मेरी आत्मा झकझोर उठती थी। आज पुलिस के साथ खड़े होकर मैं खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

यह पहल सांसद की जनता और महिला सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है, और आने वाले समय में क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मज़बूत करने में सहायक होगी।

# हावड़ा स्टेशन पर 'प्रभात फेरी', जागरूकता और स्वच्छता अभियान से मनाई गई शताब्दी वर्षगांठ



**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन के 100 शानदार वर्षों की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रविवार को हावड़ा स्टेशन के पुराने परिसर में एक प्रभावशाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत प्रभात फेरी, पर्चे वितरण और स्वच्छता अभियान आयोजित किए गए। यह आयोजन डिवीजनल रेलवे मैनेजर संजीव कुमार की मार्गदर्शन में हुआ। इसका उद्देश्य हावड़ा डिवीजन की ऐतिहासिक धरोहर को सम्मानित करना और समुदाय में जागरूकता तथा स्वच्छता को बढ़ावा देना था। इस समारोह की शुरुआत एक जोशपूर्ण प्रभात फेरी से हुई। जिसमें प्रतिभागी पुराने परिसर में मार्च करते हुए, हावड़ा डिवीजन की शताब्दी यात्रा की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाले प्लेकार्ड और नारे लगाते हुए चल रहे थे। इसके बाद, स्वच्छता अभियान की शुरुआत हुई, जिसमें स्टेशन के प्लेटफार्म, कॉनकोर्स और पुराने परिसर के आस-पास के क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया गया। कर्मचारियों और स्वयंसेवकों ने मिलकर स्टेशन के वातावरण को स्वच्छ बनाने के प्रयास में सक्रिय रूप से भाग लिया, जो स्वच्छ भारत अभियान और भारतीय रेलवे की यात्री कल्याण और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के उद्देश्यों के अनुरूप था।

# शहीदों के श्रद्धांजलि के लिए तिरंगा रैली आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** सैनिकों को वीरगति प्राप्ति के बाद श्रद्धांजलि अर्पित की गई और तिरंगा रैली में समाज के सभी वशिष्ठ नागरिक के समाजसेवी एक स्वर में कहा कि भारत जिंदाबाद पाकिस्तान मुर्दाबाद, भारतीय सैनिक जिंदाबाद, अमर शहीद अमर रहे, तृणमूल कांग्रेस के युवा नेता शक्ति प्रताप सिंह, अशोक पाठक, विशिष्ठ समाजसेवी दारा सिंह, मोहम्मद वसीम, जय हिंद वाहिनी के अध्यक्ष शैलेश मिश्रा, रतन बनिक, विनोद सिंह, मोहम्मद हमजा, मोहम्मद सलमान आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

# सांतरागाछी में यार्ड रीमॉडलिंग और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य सफलतापूर्वक हुआ पूरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे के निर्माण विभाग और खड़गपुर मंडल द्वारा सांतरागाछी जंक्शन पर यार्ड रीमॉडलिंग और 533 रूट्स के साथ नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के कमीशनिंग का कार्य रविवार यानी 18 मई को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। यह कार्य चरणबद्ध ढंग से किया गया, जिसमें 30 अप्रैल से 12 मई तक 13 दिन का प्री-टू-प्री एनआई, 13 मई से 17 मई तक 5 दिन का प्री-एनआई और 18 मई को 7 घंटे के पूर्ण ट्रैफिक ब्लॉक के दौरान अंतिम कमीशनिंग कार्य संपन्न हुआ। इस बड़े परियोजना कार्य में सैकड़ों मानव घंटों का इंस्टॉलेशन और परीक्षण शामिल रहा। आमतौर पर इस प्रकार के यार्ड रीमॉडलिंग कार्यों के लिए लंबे समय तक नॉन-इंटरलॉक्ड कामकाज की आवश्यकता होती है, जिससे ट्रेन रद्द होने और विलंब के कारण यात्रियों को असुविधा होती है। लेकिन दक्षिण पूर्व रेलवे की अभिनव और सटीक योजना ने 18 दिनों के सुचारू ट्रैफिक ब्लॉक्स के माध्यम से कार्य को न्यूनतम व्यवधान के साथ पूर्ण किया। नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के तहत दो अतिरिक्त प्लेटफॉर्म्स का निर्माण, मौजूदा प्लेटफॉर्म्स का विस्तार, डायमंड क्रॉसिंग का उन्मूलन और शंकरैल ब्रिज से आने वाली रेखा का सतही क्रॉसिंग हटाया गया है, जिससे सांतरागाछी-आंदुल खंड में डाउन लाइन की ट्रैफिक फ्लो में सुधार होगा। ईआई सिस्टम को 6 जोन में विभाजित करते हुए उच्च विश्वसनीयता वाले ऑप्टिकल फाइबर केबल से इंटरकनेक्ट किया गया है।

इस आधुनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली के कमीशनिंग से दक्षिण पूर्व रेलवे पर ट्रेनों की आवाजाही सुगम होगी, मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की समयपालनता में सुधार होगा और औसत गति में भी वृद्धि होगी। रविवार को कमीशनिंग के अंतिम दिन, राजीव श्रीवास्तव (मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, निर्माण/जीअरसी) और के.आर. चौधरी (डीआरएम, खड़गपुर) सहित मंडल और मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी सांतरागाछी स्टेशन पर उपस्थित रहे।

## चलती मारुति कार में आग, जलकर राख

**बांकुड़ा :** जंगल के बीच सुनसान सड़क पर लगी भीषण आग में एक चलती मारुति कार जलकर राख हो गई। यह घटना रविवार की दोपहर बाकुड़ा के सिमलापाल से पंचमुड़ा जाने बाली सड़क पर कृष्णपुर साल जंगल में घटी। हालांकि, कोई हताहत नहीं हुआ। कार चालक किसी तरह आग से बच निकला। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस दिन, दोपहर में एक चार पहिया वाहन बांकुड़ा के सिमलापाल से पंचमुड़ा जा रहा था। सिमलापाल थाने के बड़गोरिता इलाके में कृष्णपुर मात जंगल को पार करते समय चाहन में अचानक आग लग गई। जब ड्राइवर को एहसास हुआ कि कार में आग लग गई है तो उसने कार को जंगल बाली सड़क पर रोक दिया और कार से बाहर निकल गया।

# सरदार पटेल मेमोरियल समिति ने स्नेहलया में बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम किया आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** सरदार पटेल मेमोरियल समिति ने रविवार को स्नेहालया में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व समिति के संस्थापक सचिव हिरजीभाई भावसार ने किया। इस कार्यक्रम में सरदार पटेल मेमोरियल समिति के अध्यक्ष परेश दफ्तरी और उनकी पत्नी वैशाली, सचिव परिमल अजमेरा, सदस्य अशोक देसाई, हेमल दफ्तरी, पूजा दफ्तरी, मिलन संघवी और अन्य परिवारों ने बच्चों के लिए पौष्टिक नाश्ता और दोपहर का भोजन उपलब्ध कराया। समाजसेवी मिलन संघवी और अशोक देसाई ने इस पहल की सराहना की और संस्था को वित्तीय सहायता देने के साथ-साथ भविष्य में सहयोग करने का भी वचन दिया। स्नेहालया के चेयरमैन परिमल अजमेरा और अन्य ट्रस्टी ने इस नेक कार्य के लिए सरदार पटेल मेमोरियल समिति को धन्यवाद दिया।

# सियालदह डिवीजन ने 'मेरे अमृत स्टेशन' और 'ऑपरेशन सिंदूर' प्रतियोगिताओं से छात्रों को किया सशक्त



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन ने हाल ही में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत युवाओं और छात्रों को सशक्त बनाने के लिए एक प्रेरणादायक पहल की है। इस पहल के तहत 'मेरे अमृत स्टेशन' और 'ऑपरेशन सिंदूर-वीरता का मिशाल' विषयों पर पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन विभिन्न स्थानों पर किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इच्छापुर में अबैकस सेंट्रल स्कूल द्वारा आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 94 छात्रों ने 'मेरे अमृत स्टेशन' और 'ऑपरेशन सिंदूर- वीरता का मिशाल' विषय पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इसी तरह, कांचरापाड़ा में पूर्व रेलवे हाई स्कूल ने भी दोनों विषयों पर पोस्टर मेकिंग और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिसमें 137 छात्रों ने भाग लिया और अपनी साहित्यिक और कलात्मक क्षमताओं का परिचय दिया।

इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य छात्रों को रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के विचार से जोड़ना और उन्हें रेलवे की महत्वपूर्ण पहलों के बारे में जागरूक करना था। कुल छह पुरस्कार विजेताओं का चयन किया जाएगा, जिनमें से तीन छात्रों को प्रत्येक स्थान और विषय पर उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। सियालदह डिवीजन के डीआरएम राजीव सक्सेना ने कहा, यह पहल सियालदह डिवीजन की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है, जो न केवल समुदायों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है, बल्कि युवाओं के बीच रेलवे परियोजनाओं और संचालन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनकी रचनात्मकता को भी प्रोत्साहित कर रही है।

## दुर्गापुर में परित्यक्त मकान में विस्फोट, शिशु घायल



**दुर्गापुर :** दुर्गापुर के आरती गांव में स्थित एक घर में रविवार की सुबह विस्फोट होने से हड़कंप मच गया। विस्फोट इतना तेज था कि मकान का एक हिस्सा ढह गया। स्थानीय लोगों का दावा है कि मकान में रखे बम के कारण विस्फोट हुआ। घटना में एक शिशु घायल हो गया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, दुर्गापुर-फरीदपुर थाना क्षेत्र के आरती गांव में रविवार की सुबह विस्फोट हुआ। मकान खाली पड़ा था। तेज आवाज से इलाका दहल उठा। पुलिस को इसकी सूचना दी गई। सूचना पाकर दुर्गापुर-फरीदपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पता चला है कि मकान दस साल से खाली पड़ा है। धमाके के समय घर के सामने एक शिशु घूम रहा था। दीवार टूटने से ईंट के टुकड़े उसके पैर में लगे जिससे वह घायल हो गया। स्थानीय लोग उसे डॉक्टर के पास ले गए। पुलिस ने मौके पर जाकर घर को घेर लिया है।

# भारत में विज्ञान केंद्र आंदोलन के जनक डॉ. सरोज घोष का निधन, एनसीएसएम ने दी श्रद्धांजलि



**कोलकाता, समाज्ञा :** विज्ञान संचार और संग्रहालय विकास के क्षेत्र में भारत को नई दिशा देने वाले डॉ. सरोज घोष का 17 मई को अमेरिका के सिएटल शहर में निधन हो गया। वे 89 वर्ष के थे। परिवार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, डॉ. घोष की अंतिम इच्छा के अनुसार उनके पार्थिव शरीर को वाशिंगटन विश्वविद्यालय को वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए दान किया जा रहा है। डॉ. घोष को भारत में विज्ञान संग्रहालय आंदोलन का जनक माना जाता है। वे राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद के पहले महानिदेशक थे और 1979 से 1997 तक इस पद पर कार्यरत रहे। उनके नेतृत्व में देशभर में विज्ञान केंद्रों और संग्रहालयों का एक विकेंद्रीकृत तंत्र विकसित हुआ, जिसने विज्ञान को आमजन के लिए रोचक और संवादात्मक बनाया। उन्हें विज्ञान संग्रहालयों के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए भारतीय विज्ञान संग्रहालयों के भीष्म पितामह की उपाधि दी गई थी। भारत सरकार ने उन्हें पद्म श्री (1989) और पद्म भूषण (2007) से सम्मानित किया। वे पेरिस स्थित इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ म्यूजियम्स (आईकॉम) के अध्यक्ष भी रहे। साइंस सिटी कोलकाता, नेशनल साइंस सेंटर दिल्ली, नेहरू साइंस सेंटर मुंबई, गुजरात साइंस सिटी अहमदाबाद, कोलकाता टाउन हॉल म्यूजियम, संसद संग्रहालय और राष्ट्रपति भवन संग्रहालय जैसे कई प्रतिष्ठित संस्थानों की परिकल्पना और निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। डॉ. सरोज घोष का निधन न केवल विज्ञान जगत, बल्कि पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। एनसीएसएम ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया है।

# मेट्रो की तत्परता से खोया हुआ मोबाइल यात्री को लौटाया गया



**कोलकाता :** कोलकाता मेट्रो रेलवे की सतर्कता और ईमानदारी का एक और उदाहरण सामने आया है। गत 15 मई की शाम लगभग 18:35 बजे महानायक उत्तम कुमार मेट्रो स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ स्टाफ को रूटीन चेकिंग के दौरान एक लावारिस मोबाइल फोन मिला। तत्परता दिखाते हुए उस मोबाइल को स्टेशन अधीक्षक के कार्यालय में जमा कर दिया गया।

इसके बाद स्टेशन अधीक्षक ने कई बार अनाउंसमेंट कर फोन के असली मालिक से कार्यालय में संपर्क करने की अपील की। साथ ही सभी मेट्रो स्टेशनों को इस संबंध में नियंत्रण संदेश (कंट्रोल मैसेज) भी भेजा गया।

लगभग रात 20:20 बजे एक महिला यात्री स्टेशन अधीक्षक के कार्यालय पहुंचीं और मोबाइल पर अपना दावा प्रस्तुत किया। आवश्यक सत्यापन और औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उनका मोबाइल उन्हें लौटा दिया गया।

महिला यात्री ने अपना मोबाइल वापस पाकर मेट्रो रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति दिल से आभार व्यक्त किया।

यह घटना कोलकाता मेट्रो की ईमानदारी, सतर्कता और यात्रियों की सेवा भावना का एक आदर्श उदाहरण है।

# पूर्व रेलवे के मालदह मंडल ने भागलपुर-जमालपुर खंड में एलएचएस का सफलतापूर्वक किया निर्माण



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के मालदह मंडल ने 17 मई को भागलपुर-जमालपुर रेलखंड में एक महत्वपूर्ण अधोसंरचनात्मक उपलब्धि दर्ज की है। मंडल ने रतनपुर स्टेशन क्षेत्र में स्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या 16/टी को हटाकर एक लिमिटेड हाइट सबवे का सफलतापूर्वक निर्माण किया, जो अप और डाउन दोनों लाइनों को जोड़ता है। यह संरचना 6 मीटर 4.65 मीटर आकार की है और इसमें कुल 10 बॉक्स सेगमेंट व 5 स्लैब्स लगाए गए हैं। यह कार्य ट्रैफिक ब्लॉक्स के बेहतर प्रबंधन के साथ पूर्ण किया गया, जिससे सुरक्षा बढ़ाने और रेल संचालन में रुकावटें कम करने में मदद मिली। एलएचएस निर्माण के साथ-साथ, ट्रैफिक ब्लॉक के दौरान कई अन्य महत्वपूर्ण अनुरक्षण कार्य भी किए गए। बड़ियारपुर और जमालपुर स्टेशनों पर तीन स्विचों और कई चिपके हुए रेल जोड़ का नवीनीकरण किया गया। कहलगांव-अभयपुर डाउन लाइन पर बैलास्ट क्लीनिंग मशीन, डुओमैटिक मशीन और डायनामिक ट्रैक स्टेबलाइजर की मदद से 320 ट्रैक मीटर कार्य संपन्न हुआ। नाथनगर स्टेशन पर एमएफआई मशीन से 635 टीएम कार्य और उरेन-धरहरा स्टेशनों पर 4000 टीएम मशीन टैम्पिंग कर ट्रैक की गुणवत्ता में सुधार किया गया। जमालपुर व अभयपुर में 17 रेल वेल्डिंग कार्य, रतनपुर हॉल्ट पर ग्लूड रेल परिवर्तन तथा कहलगांव-अबहैपुर सेक्शन में 1600 टीएम डीस्ट्रेसिंग और जमालपुर जंक्शन पर 400 टीएम थ्रू फिटिंग रिन्यूअल भी सफलतापूर्वक पूर्ण किए गए। ये सभी कार्य एक ही परिचालन खिड़की में पूर्ण कर मालदह मंडल ने अपनी योजना, कार्यकुशलता और प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। इससे ट्रैक की मजबूती और संचालन की निरंतरता को नया बल मिला है।

# गड़ियाहाट में 9 हजार रुपये के लिए दोस्त की हत्या, दो महीने बाद खुला राज, चार आरोपी गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के गड़ियाहाट में 26 मार्च को हुई एक रहस्यमयी मौत की गुत्थी दो महीने बाद उस समय सुलझी जब पुलिस ने मृतक के पिता के संदेह के आधार पर दोबारा जांच शुरू की। प्रारंभ में इसे अत्यधिक शराब के सेवन से हुई अस्वाभाविक मौत माना गया था, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में विनोद दास की छाती की चार पसलियां टूटी होने और सिर के पिछले हिस्से पर गंभीर चोट मिलने से साफ हो गया कि यह हत्या का मामला है। गड़ियाहाट थाने की पुलिस ने इस मामले में चार दोस्तों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। घटना वाले दिन विनोद का शव पूर्णदास रोड स्थित उसके घर के सामने पड़ा मिला था। उसके दोस्तों ने खुद थाने जाकर शोक जताया और दावा किया कि उसकी मौत सामान्य परिस्थितियों में हुई है। विनोद के पिता उस समय शहर में नहीं थे, लेकिन हाल ही में जब वे लौटे और पड़ोसियों से घटना के दिन की जानकारी ली, तो उन्हें संदेह हुआ। एक पड़ोसी ने बताया कि घटना की सुबह विनोद को चार युवकों के साथ कंबल में लिपटा देखा गया था। इसके बाद पिता की शिकायत पर 15 मई को पुलिस ने जांच फिर से शुरू की।

पुलिस ने जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट की समीक्षा की तो चोटों के आधार पर हत्या की पुष्टि हुई। पहले दो दोस्तों – बाबला उर्फ नीलांजन गोस्वामी और बाबु उर्फ शुभदीप को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उन्होंने हत्या की बात कबूल की, जिसके बाद अरविंद कुमार साउ और योगेंद्र चौधरी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। बाबला, जो पेशे से आईटी शिक्षक है, ने विनोद को 14 हजार रुपये उधार दिए थे। विनोद ने 5 हजार लौटा दिए थे, लेकिन बाकी 9 हजार रुपये को लेकर विवाद चल रहा था। जिसके चलते विनोद की हत्या कर दी गई।

# नए नियम से कोलकाता नगर निगम को होगा 'लक्ष्मी लाभ', अब कार्यक्रम करने से पहले भरनी होगी फीस

**❑ नगर निगम के पार्क, बाजार या मैदान में मेले–सांस्कृतिक आयोजन के लिए पहले लेनी होगी मनोरंजन अनुमति**

**कोलकाता :** आय बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए कोलकाता नगर निगम ने एक नया नियम लागू किया है। अब से किसी भी संस्था को नगर निगम के पार्क, बाजार, मैदान या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर मेला, हाट या सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सबसे पहले 'मनोरंजन अनुमति' लेनी होगी और इसके लिए एक तय राशि का भुगतान भी करना होगा।

नगर निगम के अनुसार, यह नया नियम इसलिए लाया गया है क्योंकि अधिकांश आयोजक बिना किसी फीस जमा किए कार्यक्रम करते आ रहे थे, जिससे निगम को राजस्व की हानि हो रही थी। अब से बिना अनुमति और फीस जमा किए कोई भी सार्वजनिक स्थल पर आयोजन नहीं कर सकेगा।

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि मनोरंजन अनुमति के बाद ही आयोजकों को पार्क के इस्तेमाल, जल आपूर्ति, विज्ञापन या होर्डिंग्स लगाने जैसी अन्य विभागीय मंज़ूरियाँ मिलेंगी।

इस नियम को लागू करने के लिए नगर निगम के आईटी विभाग को निर्देश दिया गया है कि एक ऐसा ऑनलाइन सिस्टम विकसित किया जाए जहां केवल 'मनोरंजन अनुमति' के लिए ही आवेदन किया जा सके। अन्य किसी प्रकार की अनुमति इस पोर्टल पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

इतना ही नहीं, यदि किसी भवन में कार्यक्रम होता है और उस पर मनोरंजन अनुमति से संबंधित कोई बकाया रहता है, तो उस भवन की नई बिल्डिंग प्लान को भी तब तक मंज़ूरी नहीं दी जाएगी जब तक बकाया राशि चुकता न हो जाए।

नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया, अब तक कई आयोजन बिना अनुमति के ही हो जाते थे, जिससे निगम को कोई आय नहीं होती थी। लेकिन अब से पहले पैसा, फिर अनुमति – यही होगा नियम। इससे नियम का पालन भी होगा और नगर निगम की आय भी बढ़ेगी।

इस कदम से नगर निगम को हर साल लाखों रुपये की अतिरिक्त आय होने की उम्मीद है, साथ ही आयोजन व्यवस्था में भी अधिक पारदर्शिता और नियंत्रण आ सकेगा।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा आयोजित



**हावड़ा, समाज्ञा :** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में रविवार को सचेतन नागरिक सामज की पहल पर एक भव्य तिरंगा यात्रा आयोजित की गई। इस दिन, दोपहर में जिला भाजपा अध्यक्ष गौरांग भट्टाचार्य के नेतृत्व में डुमुरजला स्टेडियम के पास से बाइक जुलूस निकला। बाइक सवारों के हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थे। जुलूस पांचला के रानीहाटी चौराहे तक गया। वहां से जुलूस पैदल धामसिया तक ले जाया गया। यह मार्च भारतीय सेना की बहादुरी और लड़ाई की भावना के साथ-साथ पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए धन्यवाद देने के लिए आयोजित किया गया था।

# भारतीय सेना के शौर्य को नमन करते हुए रिसड़ा में विशाल तिरंगा रैली



**हुगली :** जिले के रिसड़ा उप शहर में रविवार को एक विशाल तिरंगा रैली निकाली गई, जिसमें भारतीय सेना के अदम्य शौर्य, साहस और बलिदान को सम्मानित किया गया। यह रैली मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर आयोजित की गई थी, जिसमें विभिन्न समुदायों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली में रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा, वाईस चेयरमैन जाहिद हसन खान, पार्षद सुख सागर मिश्रा, मनोज साव, शाकिर अली, तृणमूल नेता नसीम मास्टर समेत बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। प्रतिभागियों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर देशप्रेम और एकता का संदेश दिया। इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य भारतीय सेना द्वारा देश की अखंडता, संप्रभुता और सुरक्षा की रक्षा के लिए किए गए बलिदान को सम्मान देना था। खासतौर पर हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले, जिसमें 26 निर्दोष पर्यटक शहीद हुए थे, के जवाब में भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में आतंकियों के ठिकानों को नष्ट कर उनके बलिदान का बदला लिया गया।

रैली के दौरान भारत की विविधता में एकता की भावना साफ दिखाई दी। सभी समुदायों के लोग एक स्वर में भारतीय सेना की जय-जयकार भारत माता की जय जय हिन्द की सेना के जोरदार नारे लगाए। सड़कों पर तिरंगे की लहराती कतारें देख स्थानीय लोगों में भी देशभक्ति की भावना उमड़ पड़ी। इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि रिसड़ा की जनता देश के वीर सैनिकों के साथ खड़ी है और किसी भी चुनौती का सामना एकजुट होकर करने के लिए तैयार है।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देशभर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। विजय मिश्रा ने कहा भारत एक शक्तिशाली राष्ट्र है। भारत से जो भी दुश्मन टकराएगा वो चूर चूर हो जाएगा। हमारे भारतीय जवानों ने दुनिया को बता दिया कि हम घर में घुसकर मारेंगे और जो दुश्मन होगा उसे कहीं भी छिप जाए छोड़ेंगे नहीं। ये नया भारत है और उसकी उसकी आधुनिक ताकत दुश्मनों का हाल बेहाल करने में पूरी तरह से समर्थ है। भारत एक मजबूत और शक्तिशाली राष्ट्र है। दुश्मनों को घुटनों के बल लाना जानता है।

इस रैली में बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार साव के पिता भोला साव भी शामिल रहे। रैली का नेतृत्व विजय सागर मिश्रा ने किया श्र

## भीषण गर्मी में बिजली कटौती से त्रस्त ग्रामीण, विभागीय गाड़ी घेर कर किया प्रदर्शन



**हुगली, समाज्ञा :** बेलिकुल इलाके में रविवार को बिजली की अनियमित आपूर्ति से परेशान ग्रामीणों ने बिजली विभाग की गाड़ी को घेर कर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कांसारी पुकुर, श्रीरामपुर, लक्ष्मणपुर, राजारामबाटी और कोलेपाड़ा जैसे गांव वर्षों से बिजली संकट झेल रहे हैं। गर्मियों में यह संकट और भी गहराता है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित होता है। ग्रामीणों का कहना है कि लो वोल्टेज और बार-बार बिजली कटौती से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी खराब हो रहे हैं। शिकायतों के बावजूद विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रदर्शन के दौरान मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि विभाग के उच्च अधिकारी आकर समाधान का आश्वासन दे और इलाके में स्थायी रूप से नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

# पाकिस्तानी झंडे के खरीदार और विक्रेताओं की पहचान करने का कोलकाता पुलिस कमिश्नर का निर्देश

**समाज में घृणा और अशांति फैलने से रोकने के लिए पुलिस को सतर्कता बरतने का आदेश**



**कोलकाता :** पाकिस्तान के झंडे का दुरुपयोग कर समाज में नफरत और सांप्रदायिक अशांति फैलाने की किसी भी साजिश को रोकने के लिए कोलकाता पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा ने सख्त कदम उठाए हैं। शनिवार को हुई कोलकाता पुलिस की बोडीगार्ड मासिक क्राइम मीटिंग में उन्होंने सभी थानों को निर्देश दिया कि शहर में पाकिस्तानी झंडे को कौन बना रहा है और कौन खरीद रहा है – इसकी सघन निगरानी की जाए।

कमिश्नर ने कहा कि पाकिस्तानी झंडे का दुरुपयोग कर अगर कोई समाज में वैमनस्यता फैलाने की कोशिश करता है, तो उसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी थानों को निर्देश दिया गया है कि इस संबंध में जो भी व्यक्ति झंडा खरीद रहा है, उससे पूछताछ कर यह जानकारी ली जाए कि वह झंडा किस उद्देश्य से खरीदा गया है और उसका इस्तेमाल कहां और कैसे किया जाएगा।

यह निर्देश ऐसे समय आया है जब हाल ही में पहलगाम हमले के बाद पश्चिम बंगाल के बनगां इलाके में दो व्यक्तियों को पाकिस्तानी झंडे के दुरुपयोग कर सांप्रदायिक तनाव फैलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस को आशंका है कि इस तरह की कोशिशें कोलकाता शहर में भी हो सकती हैं।

इसके अलावा, क्राइम मीटिंग में पुलिस कमिश्नर ने विधाननगर स्थित विकास भवन में चल रहे शिक्षक आंदोलन का मुद्दा भी उठाया। सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने कहा कि अगर यह आंदोलन कोलकाता तक पहुंचता है, तो पुलिस को संयम और धैर्य के साथ स्थिति को संभालना होगा।

पुलिस प्रशासन की यह पहल स्पष्ट संकेत देती है कि सामाजिक सौहार्द और कानून-व्यवस्था को लेकर कोलकाता पुलिस पूरी तरह सतर्क और सख्त रुख अपना रही है।

## ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के योगदान का जश्न मनाने के लिए विशेष बैठक आयोजित




**हावड़ा, समाज्ञा :** ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के योगदान का जश्न मनाने के लिए तृणमूल कांग्रेस द्वारा हावड़ा मैदान में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य के खाद्य प्रसंस्करण मंत्री अरूप रॉय उपस्थित थे। इस दिन, उन्होंने कहा कि सेना ने जिस तरह देश की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए लड़ाई लड़ी, वह अद्वितीय है। यह पहल सेना के जवानों के बलिदान और साहस को सम्मान देने के लिए की गई है। यह पूछे जाने पर कि क्या यह सभा या जुलूस भाजपा की तिरंगा यात्रा का जवाब था, उन्होंने कहा कि यह तृणमूल कांग्रेस का अपना कार्यक्रम था। इसका भाजपा के कार्यक्रम से कोई लेना-देना नहीं है। हमें इस बात पर गर्व है कि सेना की लड़ाकू भावना ने ऑपरेशन सिंदूर को सफल बनाया। हम सेना के पक्ष में हैं।

# दीघा जगन्नाथ मंदिर में विदेशी पर्यटकों की दिलचस्पी बढ़ी : इस्कॉन

**कोलकाता, समाज्ञा**

दीघा में नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर विदेशी पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। इन विदेशी पर्यटकों में अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) के भक्त प्रमुख हैं, जो जल्द ही मंदिर की यात्रा कर सकते हैं। कोलकाता-इस्कॉन के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने कहा कि दीघा मंदिर उन विदेशियों के लिए वरदान बनकर आया है, जिन्हें पुरी स्थित 12वीं शताब्दी के प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं है। इस्कॉन दीघा मंदिर का प्रबंधन कर रहा है, जो पड़ोसी राज्य ओडिशा के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर की प्रतिकृति है। इस्कॉन-कोलकाता के प्रवक्ता दास ने कहा कि मंदिर के उद्घाटन के दौरान दुनिया भर से करीब 150 देशों के लोग मौजूद थे। इनमें से कई आगंतुकों ने 30 अप्रैल के उद्घाटन कार्यक्रम के वीडियो इंटरनेट मीडिया पर साझा किए हैं, जिससे विभिन्न देशों के लोग हमसे जानकारी के लिए संपर्क कर रहे हैं।

दास ने कहा कि अमेरिकी उद्योगपति हेनरी फोर्ड के परपोते और इस्कॉन के भक्त अल्फ्रेड फोर्ड के जल्द ही दीघा मंदिर आने की उम्मीद है। इस्कॉन प्रवक्ता ने कहा कि मैंने उन्हें आमंत्रित किया है। विदेशी पर्यटक बंगाल की खाड़ी के किनारे स्थित अत्यंत लोकप्रिय पर्यटन स्थल दीघा में ठहरने के विकल्पों के बारे में जानकारी मांग रहे हैं। दीघा में हर बजट के लिए अच्छे होटल उपलब्ध हैं, लेकिन ऐसी और भी सुविधाएं उपलब्ध होने की संभावना हमेशा बनी रहती है, क्योंकि मंदिर के उद्घाटन के बाद पर्यटन में तेजी आने की उम्मीद है। दीघा शंकरपुर होटलियर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशांत पात्रा ने कहा कि मंदिर के उद्घाटन के बाद पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होने की उम्मीद अधिक है। पात्रा ने कहा कि हमें उम्मीद है कि इससे दीघा में आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिसमें विदेशी पर्यटक भी शामिल होंगे।

# आसनसोल मंडल ने मेरा अमृत स्टेशन और ऑपरेशन सिंदूर विषयों पर प्रतियोगिताओं का किया आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे की पहल के तहत राष्ट्र निर्माण से जुड़ी सोच को युवाओं से जोड़ने और रेलवे स्टेशनों के विकास की परिवर्तनशील यात्रा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से देशभर में मेरा अमृत स्टेशन और ऑपरेशन सिंदूर-वीरता की मिसाल विषयों पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने शंकरपुर और पानागढ़ क्षेत्र के चार स्कूलों-सनराइज अकादमी, मॉडर्न पब्लिक स्कूल, पीएम केंद्र विद्यालय और शारदा विद्यापीठ-के छात्रों के बीच चित्रकला, निबंध लेखन और वाद-विवाद जैसी तीन श्रेणियों में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

इस प्रतियोगिता में छात्रों ने विषयों पर अपनी गहरी समझ को बेहतरीन चित्रों, विचारपूर्ण निबंधों और प्रभावशाली भाषणों के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिसमें उनकी प्रतिभा और देशभक्ति की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। चारों स्कूलों से कुल 36 प्रतिभागियों को विजेता घोषित किया गया है, जिन्हें शंकरपुर और पानागढ़ स्टेशनों के उद्घाटन समारोह के अवसर पर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ये दोनों स्टेशन हाल ही में 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के अंतर्गत आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किए गए हैं। यह पहल न सिर्फ छात्रों में जागरूकता और गर्व की भावना को प्रबल करती है, बल्कि राष्ट्र निर्माण, परिवर्तन और वीरता की भावना को भी सार्थक रूप से अभिव्यक्त करती है।

# हिन्दी काव्य संगोष्ठी में रसिकों ने सराहा काव्य का भाव-विलास



**कोलकाता, समाज्ञा :** केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा शुक्रवार को एक विशेष हिन्दी काव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन मुख्य अभियंता दुर्गा प्रसाद कोनहार और वि. के.सिंह के तत्वावधान में प्रथम एम.एस.ओ. भवन, निज़ाम पैलेस के मनोरंजन कक्ष में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रसिद्ध कवि, लेखक एवं कार्यशाला विशेषज्ञ डॉ. त्रिलोक नाथ पांडेय (हिन्दी विभागाध्यक्ष एवं कार्यशाला विशेषज्ञ) ने मुख्य वक्ता के रूप में हिन्दी काव्य – संवेदना का स्वर विषय पर प्रेरणाप्रद व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी-अपनी भावनात्मक, देशभक्ति एवं सामाजिक चेतना से युक्त रचनाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी द्वारा किया गया तथा अंत में अधीक्षण अभियंता (प्रशिक्षण) ने मुख्य अतिथि व प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सभी उपस्थितजनों को प्रमाणपत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## डॉक्टर के घर हुई चोरी का खुलासा, सोना बरामद, कुख्यात अभियुक्त गिरफ्तार



**हुगली :** मोगरा थाना की पुलिस ने चोरी की घटना खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को धर दबोचने में सफलता हासिल की है। मोगरा थाना अंतर्गत पूर्व शेखपाड़ा निवासी डॉक्टर अमित कुमार पात्र के घर कुछ महीने पहले हुई चोरी की घटना का खुलासा पुलिस ने किया। चोरी की इस घटना में नगदी के साथ-साथ सोने के आभूषण भी गायब हुए थे। मामले में मोगरा थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। गुप्त सूचना के आधार पर मोगरा थाना के सब-इंस्पेक्टर पार्थ बरुआ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए बालागढ़ इलाके से शेख सैफुद्दीन नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने चोरी के सोने को चाकदह थाना क्षेत्र के राउतरा बाजार स्थित एक सोने की दुकान में बेचा था। पुलिस ने वहां से लगभग 12 ग्राम सोना बरामद किया है। जांच में यह भी सामने आया है कि शेख सैफुद्दीन के खिलाफ पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें चोरी, डकैती और नारकोटिक्स से संबंधित अपराध शामिल हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है और बाकी चुराए गए सामान की बरामदगी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

# श्री श्री रविशंकर जी के जन्मदिवस पर हावड़ा में 171 लोगों ने किया रक्तदान




**हावड़ा :** आर्ट ऑफ लिविंग एवम जॉय ऑफ शेयरिंग फाउंडेशन की से पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के जन्मदिन के उपलक्ष मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष 8वें रक्तदान शिविर का आयोजन उत्तर हावड़ा के हरदत्त राय चमड़िया रोड स्थित श्री राम सभागार मे किया गया जिसमें 171 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया और सभी रक्तदाताओं को एक तुलसी का पौधा व सर्टिफिकेट और जुट का बैग उपहार स्वरूप भेंट किया गया। आंखों से दिव्यांग आरबीआई में कार्यरत आशीष अग्रवाल ने सर्वप्रथम रक्तदान किया और यह दिखाया कि रक्तदान करने की मन में इच्छा हो तो कोई शारीरिक बाधा आड़े नहीं आती है। रक्त संग्रह कोठारी ब्लड बैंक ने किया। आर्ट ऑफ लिविंग की सुमन अग्रवाल ने बताया की हावड़ा कमिश्नरेट के डीसी सेंट्रल श्री विश्वजीत महतो और हावड़ा के थाना प्रभारी श्री संदीप पखारिया ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। जॉय ऑफ शेयरिंग फाउंडेशन के मनीष अग्रवाल ने बताया कि संस्था हर बार गर्मी के समय में ही रक्तदान शिविर करवाती है ताकि रक्त की कमी को कुछ हद तक पूरा किया जा सके। संस्था गत 9 वर्षो से रक्त दान, गौ सेवा, बुज़र्ग एवं ज़रूरतमंद बच्चो सहित विविध सेवाकार्यो मे लगी है। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध समाजसेवी श्री राम सेवा समिति ट्रस्ट के प्रमुख श्री घनश्याम दास गुप्ता, श्री रतनलाल गोयल सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। इस बार संस्था ने अपने साल भर रक्तदान एवं अन्य कार्यो मे जुड़े कार्यकर्ता को भी सम्मानित किया। बहुत सारे रक्तदाता ऐसे भी थे जिन्होंने पहली बार रक्तदान किया। कार्यक्रम में संस्थाओं के सभी कार्य कार्यकर्त्ताओं ने बढ़चढ़ के हिस्सा हिस्सा लिया।

## अनिल खटेड़ की स्मृति में जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरण




**हावड़, समाज्ञा :** अनिल खटेड़ के याद में नॉर्थ हावड़ा यूथ फोरम, उनके परिवारजन एवं उनके बंधुओं द्वारा जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। उनके निवास स्थान गैंग्स शिवा अपार्टमेंट के नीचे करीबन 701 लोगों को भोजन कराया गया। जैसा अनिल जी चाहते थे सामाजिक तोड़ पे काम करना जरूरतमंदों की मदत करना वैसा ही उनके परिवार द्वारा प्रयास किया जा रहा। श्रीयांस खटेड़, रितेश खटेड़, हरिप्रसाद अग्रवाल, अमित बूबना, सुरेश साव, अमित उपाध्याय, अंजनी राय, विकाश सिंघी, राज सिंघी, उमेश साव, संदीप व्यास, अरुण चौखानी, अनंत मढ़ोगरिया और गैंग्स शिवा अपार्टमेंट का सहयोग रहा।

# मालदह में तृणमूल कार्यकर्ता की पत्नी भाजपा नेता के साथ भागी

**मालदह :** भाजपा पार्टी कार्यालय घर के सामने है। एक अधेड़ उम्र के सज्जन उस कार्यालय में दिन-रात बैठे रहते थे। घर की महिला कभी-कभी उसे चाय देती थी। उसके पति तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता हैं। फिर भी, पति ने राजनीतिक संबंधों से ऊपर उठकर भाजपा नेता को चाय परोसने के अपनी पत्नी के फैसले को शिष्टाचार के रूप में स्वीकार किया। लेकिन पति को इस बात का अंदाजा भी नहीं हो सका कि उसकी पत्नी चाय परोसते हुए भाजपा नेता से बात कर रही थी। अचानक एक दिन उसकी पत्नी घर से गायब हो गई और अजीब बात यह है कि भाजपा नेता उस दिन से पार्टी कार्यालय नहीं आ रहा है, और खोजबीन करने पर पति को पता चलता है कि उसकी पत्नी भाजपा कार्यकर्ता के साथ भाग गई है। मालदह के हरिशचंद्रपुर के कैलाशनगर इलाके में इस घटना की चर्चा जोरों पर है। पति अपनी पत्नी के विश्वासघात को स्वीकार नहीं कर पा रहा है। भाजपा पार्टी कार्यालय घर के पास ही है। प्यार की शुरुआत उस पार्टी कार्यालय से हुई। इस बार एक भाजपा नेता तृणमूल कार्यकर्ता की पत्नी को लेकर भाग गया। घर पर दो छोटे बच्चे हैं। दूसरी ओर, वह भाजपा नेता भी शादीशुदा है। उनके विवाहेतर संबंध ने दो परिवारों को संकट में डाल दिया है। घटना का पता चलते ही इलाके में हंगामा मच गया। स्थानीय गृहिणी शिउली रॉय का पति जितेन रॉय पेशे से टोटो चालक हैं। जितेन ने हरिश्चंद्रपुर थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। लेकिन बाद में उसे पता चला कि उसकी पत्नी पिपला निवासी भाजपा नेता जीवन दास के साथ भाग गई है। उसने जो सुना उससे वह हैरान रह गया। वह अपनी पत्नी के विश्वासघात पर विश्वास नहीं कर सकता। परिवार के लोग तो कल्पना भी नहीं कर सकते। इस बीच, राजनीतिक हलकों में इसको लेकर अत्यधिक विवाद है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बलिया में युवक ने फंदे से लटक कर आत्महत्या की

**बलिया (उप्र) :** बलिया जिले के गड़वार थाना क्षेत्र के कनैला गांव में एक युवक ने शनिवार देर रात फंदे से लटक कर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मंगल सिंह (19) ने शनिवार रात घर में फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। गड़वार थाना के प्रभारी रत्नेश सिंह ने बताया कि युवक की दादी ने रविवार तड़के उसे फंदे से लटका देखकर शोर मचाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### उप्र : गोंडा में पोखर में डूबकर तीन बच्चों की मौत

**गोंडा :** उत्तर प्रदेश में गोंडा जिले के परसपुर क्षेत्र में रविवार को पोखर में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय ने बताया कि परसपुर थाना क्षेत्र के अहेट गांव में दोपहर बाद एक गड्ढे में डूबकर तीन बच्चों की मौत हो गई। वे तीनों पास ही खेत में बने पोखर में नहाने गए थे। मृतकों की पहचान निगम उर्फ राजा बाबू (नौ), राजन (10) और राम (10) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इस घटना की सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। कर्नलगंज के उपजिलाधिकारी भारत भार्गव ने बताया कि हादसे में मारे गए बच्चों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की सहायता दी जाएगी।

### बिहार में हर्ष में चलायी गयी गोली 10 वर्षीय बच्ची को लगी, मौत

**पटना :** बिहार के पटना जिले के चमनपुरा इलाके में एक जन्मदिन समारोह के दौरान हर्ष में चलायी गयी गोली लगने से 10 साल की बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ-सदर) अभिनव ने बताया कि यह घटना शनिवार रात को हुई जब रिया नाम की बच्ची अपने परिवार के सदस्यों के साथ जन्मदिन की एक पार्टी में शामिल होने गई थी, जहां हर्ष में की गई गोलीबारी के दौरान उसे गोली लग गई। एसडीपीओ ने कहा, बच्ची और उसका परिवार अखिलेश राम के पोते की जन्मदिन की पार्टी में शामिल हुए थे। हर्ष में की गई गोलीबारी के दौरान एक गोली रिया को लग गई। उसे तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने राम को मौके से गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से दो देसी तमंचे और पांच कारतूस बरामद किए।

### उप्र : छात्र ने प्रधानाध्यापक पर लगाया चोटी काटने और तिलक पोछने का आरोप

**मुजफ्फरनगर :** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में एक प्राथमिक विद्यालय के छात्र ने प्रधानाध्यापक पर उसकी चोटी काटने और माथे का तिलक पोछने का आरोप लगाया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह घटना शुक्रवार को तितावी थाना क्षेत्र के काजीखेड़ा गांव के एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में हुई। देवांश नामक छात्र के माता-पिता ने शनिवार को शिकायत दर्ज कराई कि प्रधानाध्यापक ने जबरन उसकी चोटी काट दी और उसके माथे का तिलक पोछ दिया। इस घटना को लेकर कुछ हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने कथित घटना को लेकर प्रधानाध्यापक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने इस संबंध में स्थानीय अधिकारियों को एक ज्ञापन भी सौंपा। पुलिस क्षेत्राधिकारी ऋषिका सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि इस सिलसिले में पुलिस को शिकायत मिल गई है और जांच चल रही है। जांच के निष्कर्षों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### खंभे पर आंबेडकर की फोटो लगाकर अपशब्द लिखने के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा

बलिया : उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के चितबड़ागांव क्षेत्र में रविवार को बिजली के एक खंभे पर डॉक्टर भीम राव आंबेडकर की फोटो लगाकर अपशब्द लिखने का मामला सामने आया है। इस सिलसिले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गुरुवा गांव में सुबह बिजली के एक खंभे पर आंबेडकर की फोटो लगाकर अपशब्द लिखने की घटना सामने आयी है। इस घटना की जानकारी मिलते ही बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गये और उन्होंने घटना को लेकर आक्रोश व्यक्त करते हुए वारदात के दोषी अराजक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

# बिहार में पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह जन सुराज पार्टी में शामिल हुए

**पटना :** पूर्व केंद्रीय मंत्री आर सी पी सिंह बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले रविवार को प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी में शामिल हो गए। सिंह ने अपनी पार्टी 'आप सबकी आवाज' का जन सुराज में विलय करने की भी घोषणा की। पूर्व नौकरशाह सिंह ने महज छह महीने पहले ही खुद की पार्टी बनाई थी। किशोर और सिंह, दोनों ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से अलग होने से पहले जनता दल (यूनाइटेड) में थे। पूर्व चुनावी रणनीतिकार किशोर, 2020 में जद(यू) से निष्कासित किये जाने से पहले नीतीश नीत पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष थे। वहीं, बिहार के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में सेवा दे चुके सिंह जद(यू) में कई प्रमुख संगठनात्मक पदों पर रहे थे और यहां तक कि संक्षिप्त अवधि के लिए इसका नेतृत्व भी किया। हालांकि, सिंह के केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होने से नीतीश के साथ उनके संबंधों में खटास आ गई, जिन्होंने पूर्व नौकरशाह पर उनकी मंजूरी के बिना केंद्र में मंत्री पद स्वीकार करने का आरोप लगाया था। सिंह 2023 में जद(यू) छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में कहा, 'हम दोनों बिहार को एक विकसित राज्य बनाने के लिए मिलकर काम करेंगे।' किशोर ने संवाददाताओं से कहा, आरसीपी सिंह उस राजनीतिक गठबंधन का हिस्सा थे जिसने 2015 में नीतीश कुमार और लालू प्रसाद के बीच गठजोड़ का मार्ग प्रशस्त किया था। 2015 में जो हुआ, वही अब आगामी विधानसभा चुनावों में जन सुराज पार्टी दोहराएगी। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग अब ऐसी सरकार के हकदार हैं



जो राज्य के समग्र विकास के लिए काम करे। किशोर ने कहा, हम दोनों मिलकर काम करेंगे और आगामी विधानसभा चुनावों में जन सुराज पार्टी सरकार बनाएगी। हमारा ध्यान राज्य में एक नयी सरकार बनाने पर होगा जो '3सी' - क्राइम, करप्शन और कम्युनलिज्म (अपराध, भ्रष्टाचार और सांप्रदायिकता) से मुक्त होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री कुमार पर कुछ सेवानिवृत्त नौकरशाहों और चार-पांच जद(यू) नेताओं के माध्यम से सरकार चलाने का आरोप लगाया। किशोर ने दावा किया, नीतीश कुमार शारीरिक रूप से थके हुए और मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं। उन्हें पता ही नहीं है कि राज्य में क्या कुछ हो रहा है। सरकार और जद(यू) को मुट्ठी भर सेवानिवृत्त नौकरशाह और चार-पांच 'ठेकेदार' (नेता) चला रहे हैं। ये 'ठेकेदार' सत्ता का दुरुपयोग कर रहे हैं और गिद्धों की तरह व्यवहार कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि जद(यू) अब डूबती हुई नाव बन गई है, और इसके कार्यकर्ताओं को पार्टी छोड़ देनी चाहिए। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृहनगर नालंदा से संबंध रखने वाले सिंह भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के उत्तर प्रदेश काडर के अधिकारी रहे हैं और केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर वह पहली बार 1999 में कुमार के संपर्क में आए थे। उस समय जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश रेल मंत्री थे। साल 2005 में बिहार की सत्ता संभालने के बाद नीतीश ने सिंह के प्रशासनिक कौशल से प्रभावित होकर उन्हें अपने प्रमुख सचिव के रूप में बिहार आने के लिए राजी किया था।

### उप्र सरकार 1990 से पहले के संपूर्ण राजस्व अभिलेखों का डिजिटलीकरण करेगी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार 1990 से पहले के सम्पूर्ण राजस्व अभिलेखों के डिजिटलीकरण की तैयारी कर रही है। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में डिजिटल क्रांति की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाने की तैयारी है। स्टांप एवं पंजीकरण विभाग अब 1990 से पहले के संपूर्ण राजस्व अभिलेखों को डिजिटल रूप में संरक्षित करने की तैयारी कर रहा है और जल्द ही इस कार्य के लिए संस्था का चयन किया जाएगा। विभाग चरणबद्ध तरीके से पुराने अभिलेखों की 'स्कैनिंग' और डिजिटलीकरण का कार्य पूरा कर रहा है। विभाग की ओर से मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत की गई प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल 2025 तक 2002 से 2017 तक के विलेखों का डिजिटलीकरण 95 प्रतिशत पूरा हो चुका है। वहीं, 1990 से 2001 तक के विलेखों के डिजिटलीकरण के लिए यूपीडीईएससीओ की ओर से निविदा प्रक्रिया चल रही है। अब तीसरे चरण में 1990 से पहले के अभिलेखों को डिजिटल रूप में संरक्षित करने की योजना पर काम शुरू होने जा रहा है। बयान के मुताबिक इस डिजिटलीकरण प्रक्रिया से राजस्व से जुड़े दस्तावेजों तक पहुंच आसान हो जाएगी।

## राजस्थान : चुरू में महिला व उसके तीन बच्चों के शव बरामद, पति हिरासत में



**जयपुर :** राजस्थान के चुरू जिले में एक महिला व उसके तीन बच्चों के शव मिलने के मामले में पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि जिले के बंधनाऊ दिखनादा गांव के रहने वाले सुभाष की पत्नी जेठी (25) और बेटी इशिका (5) के शव तालाब में मिले। वहीं, जेठी के बेटे संजय (2) और छोटी बेटी आरुषि (3) का शव पास ही पानी की टंकी में मिला। पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में इस प्रकरण में महिला के पति की संलिप्तता सामने आई है और उसे हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा कि जेठी का पति सुभाष शनिवार रात को चारों की तलाश कर रहा था और उसने परिवार के पड़ोसियों को इस बारे में सूचित किया था। महिला के भाई ने सुभाष पर जेठी और उसके बच्चों की हत्या करने का आरोप लगाया। सुभाष का आचरण भी संदिग्ध पाया गया और उसे हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने कहा कि संदेह है कि सुभाष ने अपनी पत्नी और बच्चों को पीट-पीटकर मार डाला और फिर उनके शवों को फेंक दिया।

# प्रोफेसर अली खान को पुलिस ने किया गिरफ्तार, सेना व महिला अधिकारियों पर विवादित टिप्पणी का आरोप

**सोनीपत :** प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ भारतीय सेना की महिला अधिकारियों पर सोशल मीडिया के माध्यम से विवादित टिप्पणी करने के आरोप में दो मुकदमे दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने प्रोफेसर को गिरफ्तार कर लिया है।

**विभिन्न धाराओं में केस दर्ज**

गांव जठेड़ी के सरपंच और हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन की शिकायतों पर अलग-अलग केस दर्ज किए गए हैं। अली खान पर सोशल मीडिया के जरिए सेना की महिला अधिकारियों के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। जठेड़ी के सरपंच योगेश ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 152, 196(1), 197(1) और 299 के तहत मुकदमा दर्ज करवाया है। महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया की शिकायत पर बीएनएस की धारा 353, 79, 152 और 169(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।



महिला आयोग की चेयरपर्सन के बयान पर दर्ज मुकदमे में पुलिस आरोपी प्रोफेसर को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेगी। पुलिस कोर्ट से पांच दिन के रिमांड की मांग करेगी। डीसीपी नरेंद्र कादियान ने यह जानकारी दी।

**सोशल मीडिया पर की थी आपत्तिजनक टिप्पणी**

बता दें कि प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद पर आरोप है कि उन्होंने 7 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर के संबंध में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं, जिसमें भारतीय सेना की दो महिला अधिकारियों, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के योगदान को कमतर आंकने और सैन्य कार्रवाई को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की। इन टिप्पणियों को महिला आयोग ने महिला अधिकारियों की गरिमा को ठेस पहुंचाने और सांप्रदायिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने वाला माना।

## गोरखपुर में इस साल नहीं लगेगा 'बाले मियां का मेला'

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में इस साल सैयद सालार मसूद गाजी की याद में लगने वाला 'बाले मियां का मेला' नहीं लगेगा। सैयद सालार मसूद गाजी (बाले मियां) को श्रद्धांजलि देने के लिए एक महीने तक चलने वाला यह वार्षिक कार्यक्रम रविवार को शुरू होना था। हालांकि, जिला प्रशासन ने आवश्यक अनुमति नहीं दी है, जिससे मेला प्रभावी रूप से रुक गया है। ऐसा माना जाता है कि यह मेला 900 साल से भी अधिक पुराना है, जो परंपरागत रूप से बहरामपुर में राप्ती नदी के किनारे एक मैदान में आयोजित होता है। इस महीने की शुरुआत में दरगाह मुतवल्ली मोहम्मद इस्लाम हाशमी द्वारा की गई घोषणा के बावजूद, आयोजन स्थल पर कोई खास तैयारियां नहीं हुई हैं। जबकि समिति ने औपचारिक रूप से अनुमति के लिए आवेदन किया था, लेकिन अधिकारियों ने कथित तौर पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है। यहां मनोरंजन की सवारी और खाद्य स्टॉल लगाने सहित पारंपरिक तैयारियां कार्यक्रम स्थल पर नहीं हो पाई हैं। हाशमी ने कहा, मेले पर प्रतिबंध लगाने के लिए कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं किया गया है, लेकिन प्रशासनिक मंजूरी न मिलने को वास्तविक रूप से इसे रद्द करने के रूप में देखा जा रहा है। हाशमी के अनुसार, मेला 16 जून तक चलना था। हालांकि शनिवार शाम तक सामान्य चहल-पहल गायब थी, जिससे संकेत मिलता है कि केवल कुछ ही श्रद्धालु प्रार्थना के लिए आ सकते हैं- मेले में आमतौर पर होने वाले उत्सवी माहौल के बिना। पारंपरिक रूप से बाले मियां के मेले में मनोरंजन की सवारी और खाने-पीने के स्टॉल होते हैं, जो बड़ी संख्या में विशेष रूप से बच्चों को आकर्षित करते हैं।

## राजस्थान में भीषण गर्मी, गंगानगर व पिलानी में पारा 46.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज



**जयपुर :** राजस्थान के अधिकतर इलाकों में भीषण गर्मी का दौर जारी है जहां रविवार को गंगानगर और पिलानी में अधिकतम तापमान 46.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर अभी जारी रहेगा। जयपुर के मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार रविवार को पिलानी व गंगानगर में अधिकतम तापमान 46.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से क्रमश: 4.8 डिग्री व 3.5 डिग्री अधिक है। इसके अलावा अधिकतम तापमान चूरू में 45.8 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर में 44.4 डिग्री, कोटा में 44 डिग्री, फलोदी व जैसलमेर में 43.8 डिग्री, चित्तौड़गढ़ में 43.4 डिग्री, बाड़मेर में 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा। इसके अनुसार आगामी चार-पांच दिन बीकानेर, जोधपुर संभाग व शेखावाटी क्षेत्र के कुछ भागों में 'लू' का दौर जारी रहने की संभावना है। बीकानेर संभाग में कहीं-कहीं रात का मौसम गर्म रहने की भी संभावना है। इसी तरह जोधपुर, बीकानेर संभाग के सीमावर्ती इलाकों में आगामी तीन-चार दिन 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज सतही धूल भरी हवाएं चलेंगी। वहीं, बीकानेर संभाग में 20-21 मई को कहीं-कहीं गरज के साथ बौछारें पड़ने और तेज आंधी चलने का अनुमान है। राज्य के उदयपुर, कोटा, भरतपुर संभाग के कुछ भागों में 19-25 मई को कहीं-कहीं मेघ गर्जन, हल्की बारिश होने व आंधी चलने की संभावना है।

# पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों से जुड़े लोग ज्योति को 'अपने संपर्क' के तौर पर तैयार कर रहे थे: पुलिस

**चंडीगढ़ :** जासूसी के आरोप में गिरफ्तार हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों से जुड़े व्यक्ति कथित तौर पर 'अपने सम्पर्क' के तौर पर तैयार कर रहे थे। यह जानकारी हरियाणा के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को दी। अधिकारी ने हरियाणा के हिसार में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि ज्योति मल्होत्रा कथित तौर पर पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिवसीय सैन्य संघर्ष के दौरान नयी दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात एक पाकिस्तानी अधिकारी के संपर्क में थी। हिसार के पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि मल्होत्रा के पास सैन्य या रक्षा अभियानों से जुड़ी किसी भी जानकारी तक सीधी पहुंच नहीं थी, लेकिन वह सीधे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों से जुड़े लोगों के संपर्क में थी। एसपी सावन ने कहा, 'निश्चित रूप से, वे उसे 'अपने सम्पर्क' के रूप में तैयार कर रहे थे। वह यूट्यूब पर सक्रिय अन्य 'इन्फ्लूएंसर' के संपर्क में थी। वे भी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों से जुड़े व्यक्तियों के संपर्क में थे।' उन्होंने कहा, 'यह भी (एक तरह का) युद्ध है, जिसमें वे इन्फ्लूएंसर को अपने साथ जोड़कर अपने आख्यान को आगे बढ़ाने की कोशिश करते हैं।' पुलिस ने बताया कि हिसार की रहने वाली मल्होत्रा (33), 'ट्रैवल विद जो' नामक



यूट्यूब चैनल चलाती है। पुलिस ने बताया कि मल्होत्रा को शुक्रवार को न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि मल्होत्रा के खिलाफ आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। शनिवार को अदालत में पेश किए जाने के बाद मल्होत्रा को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। एसपी सावन ने संवाददाताओं को बताया कि मल्होत्रा से हरियाणा पुलिस पूछताछ कर रही है। उन्होंने कहा, 'हम उसके वित्तीय लेन-देन, यात्रा विवरण, वह कहां गई और किससे मिली, इसका विश्लेषण कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि पुलिस केंद्रीय एजेंसियों के भी संपर्क में है। अधिकारी ने कहा कि मल्होत्रा पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों से जुड़े लोगों के संपर्क में थी और उसने कई बार पाकिस्तान और एक बार चीन की यात्रा की है। पहलगाम आतंकी हमले के दौरान मल्होत्रा की गतिविधियों के बारे में किसी भी जानकारी के बारे में पूछे जाने पर और क्या वह ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी उच्चायोग में तैनात पाकिस्तानी अधिकारी के संपर्क में थी, एसपी ने कहा कि (भारत-पाकिस्तान) संघर्ष के दौरान, वह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों से जुड़े लोगों और उस व्यक्ति के संपर्क में थी जिसे अवांछित व्यक्ति घोषित किया गया था।' उन्होंने कहा, 'हम उसके लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का फोरेंसिक विश्लेषण करेंगे। इसके बाद यह स्पष्ट हो जाएगा कि उसने क्या जानकारी साझा की। भारत ने जासूसी में कथित रूप से लिप्त होने के कारण 13 मई को उच्चायोग में काम करने वाले पाकिस्तानी अधिकारी को निष्कासित कर दिया। अधिकारी ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि वित्तीय विशेषज्ञों की कई टीम मल्होत्रा के वित्तीय लेन-देन और यात्रा विवरणों का विश्लेषण कर रही हैं।

## न्यूज अपडेट

### राजस्थान : मुख्यमंत्री शर्मा ने आम जनता को समय पर राहत देने पर जोर दिया



**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अदालतों में लंबित मामलों को लेकर आम जनता को समय पर राहत देने पर जोर दिया है ताकि उनका सरकार पर भरोसा और मजबूत हो सके। शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास पर न्यायालयों में लंबित विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करने के दौरान यह टिप्पणी की। शर्मा ने कहा, 'राज्य सरकार आठ करोड़ जनता के समग्र कल्याण के लिए समर्पण भाव से काम कर रही है। हम राज्य की चहुंमुखी प्रगति के लिए जनकल्याणकारी विकास योजनाओं का निर्बाध संचालन सुनिश्चित कर रहे हैं। इनमें विधिक कारणों से किसी प्रकार की रुकावट ना आए इसके लिए राज्य सरकार द्वारा न्यायालयों में लंबित मामलों में प्रभावी रूप से पक्ष रखा जा रहा है।' आधिकारिक बयान के अनुसार उन्होंने कहा कि आमजन को समय पर राहत मिले और सरकार पर उनका भरोसा और अधिक मजबूत हो इसके लिए सभी अधिकारी अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी पूर्ण निर्वहन करें। शर्मा ने कहा कि विधिक कार्यों में राज्य सरकार की ओर से संसाधनों की किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आमजन का हित ही हमारी प्रमुख प्राथमिकता है। इसलिए जनकल्याण से जुड़े प्रकरणों की न्यायालयों में प्राथमिकता से पैरवी की जाए। ऐसे महत्वपूर्ण प्रकरणों में राज्य सरकार की तरफ से प्रभावी ढंग से पक्ष रखने के लिए अतिरिक्त महाधिवक्ता स्तर पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं को नियुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन प्रकरणों में उच्चस्थ अदालतों में अपील की आवश्यकता हो उनमें राज्य सरकार की ओर से समय पर अपील की जाए।

### आज भागवतकथा और रामकथा के समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



**बक्सर :** प्रत्येक वर्ष की भांति आगामी आज बिहार के बक्सर जिले के सिमरी प्रखंड में **भोजपुरी सम्राट भरत शर्मा** के द्वारा आयोजित भागवतकथा और रामकथा के समापन के अवसर पर पूजनीय राजन महराज, सांसद और प्रसिद्ध भोजपुरी गायक मनोज तिवारी, गोपाल राय, गोलू राजा और अन्य कलाकार भरत शर्मा के आमंत्रण पर आ रहे है। इस कार्यक्रम को आयोजित कर भोजपुरी सम्राट भरत शर्मा अपने क्षेत्र में हर वर्ष धर्म और संस्कृति की अनूठी मिसाल पेश करते आ रहे ह


### बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करके उन्हें झारखंड से वापस भेजने को विशेष बल गठित करे सरकार: चंपई



**रांची :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने रविवार को हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली राज्य सरकार से बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करके उन्हें राज्य से निर्वासित करने के लिए एक विशेष कार्य बल बनाने का आग्रह किया। चंपई सोरेन ने दावा किया कि बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण झारखंड की जनसांख्यिकी तेजी से बदल रही है, जो आदिवासी समुदायों के अस्तित्व के लिए खतरा है। चंपई सोरेन ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, मैं देश में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ लड़ाई में निर्णायक कदम उठाने के लिए केंद्र सरकार को धन्यवाद देता हूं। अब, मैं राज्य सरकार से झारखंड से बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करके उन्हें निर्वासित करने के लिए एक कार्य बल गठित करने का आग्रह करता हूं। उन्होंने दावा किया कि राज्य, विशेष रूप से आदिवासी बहुल संथाल परगना और कोल्हान क्षेत्रों की जनसांख्यिकी 'घुसपैठियों के कारण बदल रही है'। चंपई सोरेन ने कहा, मैंने लगातार इस मुद्दे और धर्म परिवर्तन के खिलाफ अपनी आवाज उठाई है लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाला सत्तारूढ़ गठबंधन इन गंभीर मामलों पर चुप है। घुसपैठिए आदिवासियों और मूल निवासियों को उनके अधिकारों से वंचित कर रहे हैं। भाजपा नेता चंपई सोरेन ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में महिलाएं 'अब सुरक्षित नहीं हैं।'

## नदियों के नाम पर कई बार ठग चुकी भाजपा को समाजवादियों से 'ट्यूशन' लेनी चाहिये : अखिलेश

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर 'नमामि गंगे' का 'जुमला' देने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि नदियों के नाम से कई बार ठग चुकी भाजपा को समाजवादियों से नदी की सफाई की 'ट्यूशन' लेनी चाहिये। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने यहां एक बयान में कहा कि भाजपा सरकार ने नदियों की सफाई का वादा किया था लेकिन उसे पूरा नहीं किया और नदियों की सफाई के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। यादव ने अपनी सरकार में शुरू हुई गोमती रिवरफ्रंट योजना का जिक्र करते हुए कहा, 'नदियों की सफाई के लिए समाजवादी सरकार में किये जा रहे कार्यों को भाजपा सरकार ने रोक दिया। भाजपा सरकार ने समाजवादी सरकार में हुए गोमती रिवरफ्रंट के कार्य को भी पूरा नहीं होने दिया। समाजवादी सरकार ने गोमती नदी पर विश्वस्तरीय रिवरफ्रंट बनाकर नदियों की सफाई के लिए



एक उदाहरण प्रस्तुत किया था कि इसी तरह से प्रदेश की अन्य नदियां भी साफ हो सकती हैं। भाजपा सरकार ने गंगा नदी की सफाई को लेकर बड़े-बड़े वादे किये लेकिन 10 साल की सरकार में मां गंगा की सफाई नहीं हो पाई।' उन्होंने यमुना नदी की सफाई का जिक्र करते हुए कहा, 'भाजपा ने नदियों के नाम से कई बार ठगा है। 'नमामि गंगे' का जुमला बहकर न जाने कहां चला गया है और अब यमुना की सफ़ाई के नाम पर यमुना नदी का 'जंतु और पादप' जीवन ही भाजपाई जुमला बनकर रह गया है।'

## जोधपुर पुलिस ने कुख्यात तस्कर को गिरफ्तार किया

**जयपुर :** जोधपुर पुलिस रेंज की विशेष 'साइक्लोन' टीम ने एक कुख्यात मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है जिस पर 35,000 रुपये का नकद इनाम था। जोधपुर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) विकास कुमार ने बताया कि विभिन्न मामलों में वांछित सुनील डूडी को जोधपुर में पकड़ लिया गया। शुरुआत में डूडी ने खुद को अनिल जानी बताने की कोशिश की, लेकिन कड़ी पूछताछ के बाद उसने आखिरकार अपनी असली पहचान कबूल कर ली। उन्होंने बताया कि फिल्मी स्टाइल में तस्करी करने वाले अपराधी और कुख्यात मादक पदार्थ तस्कर सुनील के खिलाफ कम से कम छह अलग-अलग जिलों में कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं जिनमें मादक पदार्थ तस्करी, हत्या, हत्या का प्रयास और पुलिस पर हमला करना शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सुनील जोधपुर ग्रामीण के पीपाड़, जोधपुर शहर के बासनी, ब्यावर के जवाजा और आनंदपुर कालू सहित कई पुलिस थानों में वांछित था। उन्होंने कहा, 'झूठी पहचान और जाली दस्तावेजों के सहारे लंबे समय से गिरफ्तारी से बच रहा सुनील डूडी आखिरकार 'साइक्लोन' टीम की सतर्कता के कारण पकड़ा गया। उसकी गिरफ्तारी क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी पर नकेल कसने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।'

